# प्रिलिम्स रिफ्रेशर प्रोग्राम 2020 : टेस्ट 13

1. 'गण' (महाजनपद गणराज्य) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2007)
   1. इनमें कई लोगों का समूह शासन करता था, समूह का प्रत्येक व्यक्ति राजा कहलाता था।
   2. महावीर और बुद्ध दोनों इन्हीं गणों से संबंधित थे।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** प्राचीनकाल में अधिकांश महाजनपदों पर राजाओं द्वारा शासन किया जाता था जिनमें से कुछ गण या संघ के रूप में जाने जाते थे, जबकि कुछ पर सामूहिक रूप से शासन किया जाता था, जहाँ कई लोगों द्वारा शक्ति साझा की जाती थी। इन्हें अक्सर सामूहिक रूप से राजा कहा जाता था। **अत: कथन 1 सही है।**

- महावीर और बुद्ध दोनों इन्हीं गणों से संबंधित थे। बुद्ध एक छोटे गण से संबंधित थे, जिसे **शाक्य गण** के रूप में जाना जाता है तथा भगवान महावीर का संबंध **वज्जि गण** से था, जो आधुनिक वैशाली के नाम से जाना जाता हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- उदाहरण स्वरूप वज्जि संघ के मामले में राजा संसाधनों को सामूहिक रूप से नियंत्रित करते थे, जैसे कि भूमि। यद्यपि स्रोतों की कमी के कारण उनके इतिहास की पुर्नरचना करना अक्सर कठिन होता है, इनमें से कुछ राज्यों ने लगभग एक हज़ार वर्षों तक शासन किया।

2. स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसकी शुरुआत आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने की है।
   2. इस सर्वेक्षण के अंतर्गत तिमाही मूल्यांकन की व्यवस्था है।
   3. यह विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री द्वारा भारत में शहरों और कस्बों की स्वच्छता के तिमाही मूल्यांकन के लिये स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 (एस.एस. 2020) की शुरुआत की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**

**स्वच्छ मंच वेब पोर्टल:**

- स्वच्छ मंच एक वेब-आधारित मंच है, जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन में योगदान देने वाले प्रत्येक हितधारक को एक साझे मंच पर एक साथ लाना है।
- यह मंच हितधारकों को आसपास के क्षेत्रों में स्वयंसेवा के अवसरों को सृजित करने/आमंत्रित करने/और भाग लेने की अनुमति देगा।
- स्वच्छ मंच को नागरिकों की शिकायत निवारण मंच के रूप में कार्य करने के लिये मौजूदा स्वछता एप के साथ एकीकृत किया जाएगा।
- केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण ने इंदौर को लगातार तीसरे वर्ष भारत का 'सबसे स्वच्छ शहर' घोषित किया है।

- स्वच्छ सर्वेक्षण जिसमें देश के सभी शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया गया हैं, जो विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है। **अत: कथन 3 सही है।**
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के अंतर्गत भारत के शहरों और कस्बों की स्वच्छता का तिमाही मूल्यांकन किया जाएगा और इसे स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के साथ एकीकृत किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

3. बुद्ध के उपदेशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा 'समुदाय' के बारे में सही है?
   - (a) यह स्वीकार करता है कि विश्व में 'दुख' व्याप्त है।
   - (b) यह 'दुख' के प्रकारों की व्याख्या करता है।
   - (c) यह 'दुख' की उत्पत्ति से संबंधित है।
   - (d) यह 'दुख' की समाप्ति की व्याख्या करता है।

**उत्तर : (c)**

**व्याख्या:** चार आर्य सत्य बुद्ध की शिक्षाओं का सार हैं, जो उन्होंने अपने पूर्व सहयोगियों को इसी पाठन में अपने पहले उपदेश में समझाया:

1. **दुख:** विश्व में सर्वत्र 'दुख' व्याप्त है।
2. **समुदाय:** 'दुख' का उद्भव या उत्पत्ति।
3. **निरोध:** 'दुख' का निवारण।
4. **मग्गा:** 'दुख' के अंत की ओर जाने वाला एक मार्ग है।

**अत: विकल्प (c) सही है।**

- **दूसरा आर्य सत्य 'समुदाय' ('दुख' की उत्पत्ति):** दूसरे सत्य की व्याख्या के अनुसार: यह 'तृष्णा' है जो पुन:अस्तित्व और पुनर्जन्म की इच्छा उत्पन्न करती है, जो अत्यधिक लालच से संबंधित होती है।
- मानव जीवन में विभिन्न रूपों में प्रकट हुई 'तृष्णा', इच्छा या उत्कट इच्छा, जीवन में दुख: और निरंतरता को जन्म देती है। हालाँकि 'इच्छा' तात्कालिक और सर्वव्यापी कारण है, लेकिन इसे पहला कारण नहीं माना जा सकता है, क्योंकि सब कुछ सापेक्ष और अन्योन्याश्रित है। 'तृष्णा' (तण्हा) संवेदना पर निर्भर करती है और संवेदना इसकी उत्पत्ति के लिये अनुबंध पर निर्भर करती है, इसलिये यह एक ऐसा चक्र है जो निरंतर चलता रहता है, जिसे 'आश्रित उत्पत्ति' (प्रतीत्य-समुत्पाद) के रूप में जाना जाता है।

4. गांधार कला शैली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. बैठे हुए बुद्ध को हमेशा कमल के आसन और ध्यानमग्न मुद्रा में दर्शाया जाता है।
   2. बुद्ध के चित्रों को अधिकांशत: उनके सिर के चारों ओर एक प्रभामंडल के साथ चित्रित किया गया है।
   3. बुद्ध की पोशाक कई परतों के साथ यथार्थवादी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   - (a) केवल 2 और 3
   - (b) केवल 2
   - (c) केवल 1 और 3
   - (d) केवल 1

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** शैलीगत रूप से गांधार मूर्तिकला ग्रीको-रोमन बौद्ध कला का प्रतिनिधित्व करता है। इस कला रूप की महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ यह हैं कि इसकी मूर्तियाँ बेहद बारीक और यथार्थवादी होती हैं। बुद्ध और बोधिसत्व की मूर्तियाँ उन्नत शैली में काफी परिष्कृत मूर्ति विद्या (Iconography) प्रदर्शित करती हैं।

- गांधार कला की मूर्तियाँ बुद्ध के शुरुआती जीवन का प्रतिनिधित्व करती हैं। कई धातु के सजे टुकड़े (फलक) जो स्तूप के हिस्से थे, पहले बुद्ध के जन्म, उनके ज्ञान, हिरण पार्क में दिये गए

उपदेश, उनकी मृत्यु और अन्य दृश्यों को दर्शाते हैं।

- गांधार कला में बुद्ध को पारंपरिक भारतीय तरीके (यथार्थवादी) में पालथी मारकर बैठे हुए दिखाया गया है। हालाँकि मथुरा कला में आदर्श योगी मुद्रा, कमल के आसन और ध्यान मुद्रा को दर्शाया गया है। मथुरा कला के कलाकारों ने ग्रीको-रोमन यथार्थवादी विशेषताओं को अस्वीकार कर दिया तथा मूर्तियाँ बनाने के लिये प्राकृतिक विशेषताओं को चुना। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- गांधार कला की एक और विशिष्ट विशेषता समृद्ध नक्काशी, विस्तृत अलंकरण और जटिल प्रतीकवाद है। गांधार बुद्ध का सौंदर्य गुण मथुरा बुद्ध के सौंदर्य गुण से अलग है। बुद्ध और बोधिसत्व की आकृतियाँ ग्रीक भगवान अपोलो के चौड़े कंधों तथा सिर के चारों ओर एक प्रभामंडल के भाँति दर्शाया गया है और ये योगी के बजाय एक शक्तिशाली नायक के समान हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- बुद्ध की पोशाक को कई परतों के साथ यथार्थवादी रूप में दर्शाया गया है। मांसपेशियों, नाखूनों, बालों जैसी शारीरिक विशेषताओं को बहुत विस्तार के साथ दर्शाया गया है। बुद्ध और बोधिसत्व की छवियों पर चित्रित वस्त्र, भारी आभूषण और मूँछें भारतीय आदर्शवाद से बहुत दूर थीं। **अत: कथन 3 सही है।**

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. हाल ही में जी.एस.टी. परिषद ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एन.ए.ए) का कार्यकाल बढ़ाया है।
   2. राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण का गठन वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2019 के तहत किया गया था।
   3. एन.ए.ए. के आदेशों के खिलाफ अपील केवल उच्चतम न्यायालय में ही की जा सकती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

   a. केवल 1 और 3
   b. केवल 1 और 2
   c. केवल 2 और 3
   d. 1, 2 और 3

**उत्तर : (c)**

**व्याख्या:** जी.एस.टी. परिषद ने अपनी हालिया बैठक में राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एन.ए.ए.) के कार्यकाल को एक और वर्ष (30 नवंबर, 2020 तक) बढ़ाने के प्रस्ताव पर चर्चा की। **अत: कथन 1 सही है।**

- उपभोक्ताओं द्वारा कंपनियों के खिलाफ जी.एस.टी. दर में कटौती के लाभ को न देने की शिकायत से निपटने के लिये राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एन.ए.ए.) दो वर्षों के लिये अस्तित्व में लाया गया है।
- एन.ए.ए. का विस्तार (इसके दो साल के सनसेट क्लॉज से पहले) आवश्यक हो गया है क्योंकि कई मामले लंबित हैं जिनका इसके विघटन से पहले निपटान करने की आवश्यकता है।
- राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एन.ए.ए.) का गठन केंद्रीय वस्तु और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 171 के तहत किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्राधिकरण का मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यापारी जी.एस.टी. के नाम पर उपभोक्ताओं से उच्च कीमत वसूल कर अनुचित लाभ तो नहीं उठा रहे हैं तथा ऐसी मुनाफाखोरी गतिविधियों की

जाँच कर उन्हें रोकना तथा पंजीकरण रद्द करने सहित दंडात्मक कार्रवाई की सिफारिश करना शामिल हैं।

- एन.ए.ए. में अध्यक्ष, चार तकनीकी सदस्य, एक स्थायी समिति, प्रत्येक राज्य की स्क्रीनिंग समितियाँ और केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.ई.सी.) के सुरक्षा महानिदेशक शामिल है।
- एन.ए.ए. के आदेशों के खिलाफ केवल उच्च न्यायालय में ही अपील की जा सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

6. कर्मचारी राज्य बीमा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. योगदान की कम दर औपचारिक क्षेत्र में और अधिक श्रमिकों को शामिल करने में सहायता प्रदान करती है।
   2. ई.एस.आई. अधिनियम के तहत योगदान की दर संबंधित राज्य सरकारें तय करती हैं।
   3. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ई.एस.आई. अधिनियम) केवल चिकित्सा बीमा का प्रावधान करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 2
   (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

व्याख्या: भारत सरकार ने ई.एस.आई. अधिनियम के तहत योगदान की दर 6.5% से घटाकर 4% करने का निर्णय लिया है (नियोक्ताओं का योगदान 4.75% से घटाकर 3.25% और कर्मचारियों का योगदान 1.75% से घटाकर 0.75% किया जा रहा है)।

- योगदान दर कम करने से श्रमिकों को काफी राहत मिलेगी तथा यह ई.एस.आई. योजना के तहत और अधिक श्रमिकों का अधिक नामांकन किया जा सकेगा जिससे औपचारिक क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्यबल को शामिल हो सकेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसी प्रकार नियोक्ताओं के योगदान की हिस्सेदारी में कमी से प्रतिष्ठानों की वित्तीय देयता कम हो जाएगी परिणामस्वरूप इन प्रतिष्ठानों की व्यवहार्यता में सुधार होगा। इससे 'व्यापार सुगमता' में भी वृद्धि हो सकेगी।
- कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ई.एस.आई. अधिनियम) के तहत बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा, नकद, मातृत्व, विकलांगता और आश्रित लाभ प्रदान किया जाता है। ई.एस.आई. अधिनियम को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) द्वारा प्रशासित किया जाता है। ई.एस.आई. अधिनियम के तहत प्रदान किये गए लाभ नियोक्ताओं और कर्मचारियों द्वारा किये गए योगदान से वित्तपोषित होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- भारत सरकार श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के माध्यम से ई.एस.आई. अधिनियम के तहत योगदान की दर तय करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

7. गुप्त प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. प्रांतों को विषय के रूप में जाना जाता था जो ज़िलों में विभाजित थे।
   2. प्रांतीय गवर्नर, जिन्हें उपरिका कहा जाता था, अधिकांशत: राजकुमारों में से चुने जाते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** गुप्त शासनकाल में राजा ने प्रांतीय प्रशासन के साथ कुमारामात्य और आयुक्त नामक अधिकारियों के एक वर्ग के माध्यम से संपर्क बनाए रखा। गुप्त साम्राज्य में प्रांतों को भुक्ति के नाम से जाना जाता था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- प्रांतीय गवर्नर, जिन्हें उपरिका कहा जाता था, ज़्यादातर राजकुमारों में से चुने जाते थे। भुक्तियों को विषय या ज़िलों में विभाजित किया गया था। वे विषयपतियों द्वारा शासित किये जाते थे। नगर प्रशासन की देखरेख करने वाले अधिकारी को नगरश्री कहा जाता था। ज़िले के गाँव ग्रामिकों के नियंत्रण में थे। **अत: कथन 2 सही है।**
- गुप्त प्रशासन के संदर्भ में फाहियान का विवरण महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। वह गुप्त प्रशासन को सौम्य और परोपकारी मानता था। लोगों की आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं था तथा उन्हें बड़ी संख्या में व्यक्तिगत स्वतंत्रताएँ प्राप्त थीं।
- व्यक्ति के जीवन में राज्य का कोई हस्तक्षेप नहीं था। सज़ा की प्रकृति गंभीर नहीं थी। जुर्माना वसूलना एक सामान्य सज़ा हुआ करती थी। कोई जासूसी व्यवस्था नहीं थी। प्रशासन इतना सक्षम था कि सड़कें यात्रियों के लिये सुरक्षित थीं तथा चोरों का कोई डर नहीं था। उन्होंने उल्लेख किया कि लोग आमतौर पर समृद्ध थे और अपराध नगण्य था।

8. वात्स्यायन के कामसूत्र में वर्णित चित्रों के सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| सिद्धांत | अर्थ |
|---|---|
| 1. रूपभेद | वस्तु या विषय का अनुपात। |
| 2. भाव | रंगों के साथ प्रकाश और चमक का निर्माण |
| 3. लावण्ययोजनम् | भावनाओं का समावेशन |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** तीसरी शताब्दी ईस्वी में वात्स्यायन ने अपनी पुस्तक कामसूत्र में चित्रों के 6 मुख्य सिद्धांतों/अंगों या छायांग का उल्लेख किया है।

- रूपभेद- रूप की विविधता;
- सादृश्यम- विषय की सादृश्यता का चित्रण;
- भाव- रंगों के साथ प्रकाश और चमक का सृजन।
- वार्णिकाभंग- मॉडलिंग के प्रभावों से साम्यता के लिये रंगों का मिश्रण।
- प्रमाणन- वस्तु या विषय का अनुपात
- लावण्ययोजनम्- भावनाओं की तल्लीनता

**अत: विकल्प (b) सही है।**

- ब्राह्मण और बौद्ध साहित्य में चित्रकला के कई संदर्भ दिये गए हैं, उदाहरण के लिये वस्त्रों पर मिथकों और दंत कथाओं का निरूपण लिप्या चित्र के रूप में जाना जाता है। हमें लेख्या चित्रकला के संदर्भ

भी मिलते हैं, जिसमें चित्रकारी और रेखाचित्र होते हैं। चित्रों के अन्य प्रकार धुली चित्र, पटचित्र आदि हैं।

- विशाखदत्त द्वारा रचित नाटक मुद्राराक्षस ने भी विभिन्न चित्रों या पटों के नाम का उल्लेख करके पाठक को सुविधा प्रदान की हैं, जो चित्रकला की विभिन्न शैली को समझने और चित्रकला के सभी सिद्धांतों का अवलोकन करने के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

**चित्रकारी की शैलियाँ: प्रमुख विशेषताएँ**

- **चौका पिटक:** पृथक् प्रेम लगे हुए चित्र
- **दिघल पिटक:** चित्रों की लंबी लड़ी
- **यम पिटक:** पृथक् चित्रकला

9. डिजिटल भुगतान पर नीलेकणी सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. सरकारी और निजी दोनों संस्थाओं को किये गए भुगतान पर कोई हस्तांतरण शुल्क नहीं।
    2. पॉइंट ऑफ सेल मशीन पर आयात शुल्क को हटाना।
    3. डिजिटल भुगतानों के पहुँच की निगरानी के लिये एक नया डिजिटल वित्तीय समावेशन सूचकांक।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

    (a) केवल 1 और 2
    (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1 और 3
    (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** आर.बी.आई. ने डिजिटल भुगतान पर नियुक्त समिति, नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में, ने भारत में डिजिटल भुगतान परिवेश को मज़बूत करने के लिये सिफारिशें की हैं।

**अनुशंसाएँ:**

- **लेनदेन शुल्क को हटाना:** सरकार को किये गए डिजिटल भुगतानों, राज्य द्वारा संचालित संस्थाओं और केंद्रीय विभागों को किये गए डिजिटल भुगतानों के लिये उपभोक्ताओं पर कोई सुविधा शुल्क नहीं होना चाहिये। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **मर्चेंट डिस्काउंट रेट्स (MDR) मूल्य निर्धारण संरचना:** कार्ड के भुगतान के इंटरचेंज दर पर 15 आधार अंक (100 बी.पी.एस. = 1% अंक) जो व्यापारियों द्वारा वहन किया जाता है।
- तीन साल की अवधि के लिये पी.ओ.एस. (बिक्री के बिंदु) मशीनों पर मौजूदा 18% आयात शुल्क हटाना। **अत: कथन 2 सही है।**
- वस्तु और सेवा कर (जी.एस.टी.) को डिजिटल लेनदेन पर कम करना ताकि ग्राहकों के बीच डिजिटल भुगतान की स्वीकार्यता में सुधार हो सके।
- डिजिटल भुगतान प्रणालियों की निगरानी के लिये तंत्र:
    - डिजिटल वित्तीय समावेशन सूचकांक ताकि एक क्षेत्र में प्रगति को एक सामान्य पैमाने के साथ मापा जा सके, जो उपयोगकर्त्ताओं के विकास और असंतुलन को ठीक करने के लिये उठाए गए कदमों का संकेत देता है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - ब्लॉक और पिन कोड के आधार पर एकत्र की गई जानकारी मासिक आधार पर सभी भागीदारों के लिये उपलब्ध होनी चाहिये।
    - डिजिटल भुगतान के लिये लेन-देन और सेवा शुल्क के कई चरणों में उपभोक्ताओं को केवाईसी (अपने ग्राहक को

जानें) प्रक्रिया की कुल लागत कम करना।

- **एक स्वीकृति विकास कोष की स्थापना:** जिसका उपयोग खराब सेवा वाले क्षेत्रों में नए व्यापारियों के विकास के लिये किया जाएगा।

10. सित्तनवासल गुफा चित्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    1. ये गुफा चित्र आंध्र प्रदेश में स्थित हैं।
    2. ये गुफाएँ बौद्ध चित्रकलाओं के लिये जानी जाती हैं।
    3. इनका निर्माण मौर्यों द्वारा किया गया था।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    (a) केवल 2 और 3
    (b) 1, 2 और 3
    (c) केवल 1
    d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** सित्तनवासल गुफा चित्र तमिलनाडु में स्थित हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।** ये प्रसिद्ध रॉक-कट गुफाएँ जैन मंदिरों की चित्रकला के लिये जानी जाती हैं। इन भित्ति चित्रों में बाघ और अजंता के चित्रों से निकटस्थ सादृश्यता है। ये चित्र न केवल दीवारों पर बल्कि छत और स्तंभों पर भी विद्यमान हैं।

- ये चित्र जैन समवसरण (उपदेश हॉल) की विषयवस्तु के अनुरूप बनाए गए हैं। **अत:, कथन 2 सही नहीं है।**
- कुछ विद्वानों का मानना है कि ये गुफाएँ पल्लव काल की हैं, जब राजा महेंद्रवर्मन प्रथम ने मंदिर की खुदाई करवाई, जबकि कुछ विद्वानों ने इसका श्रेय पांड्य शासक को दिया जब 7वीं शताब्दी में मंदिर का जीर्णोद्धार किया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- सित्तनवासल में चित्रों का केंद्रीय तत्त्व कमल वाला तालाब है। इस चित्र में जैन धर्म में 'सामव-सरना' नामक एक महत्त्वपूर्ण दृश्य दर्शाया गया है। सामव-सरना, सुंदर दर्शक कक्ष है जहाँ तीर्थंकरों ने बोध प्राप्ति (कैवल्य-ज्ञान) के बाद प्रवचन दिये।

11. निम्नलिखित में से कौन-से विधायी उपकरण भारत में संगठित मुद्रा बाज़ार क्षेत्र में निधि जुटाने के लिये तैयार किये गए हैं?
    1. जमा प्रमाण-पत्र
    2. हुंडी
    3. मुद्रा बाज़ार म्यूचुअल फंड
    4. ट्रेज़री बिल
    5. वाणिज्यिक पत्र

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
    (a) केवल 3, 4 और 5
    (b) केवल 1, 3, 4 और 5
    (c) केवल 1, 2, 4 और 5
    (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** हर अर्थव्यवस्था में वित्तीय बाज़ारों के दो अलग-अलग खंड होते हैं- एक अल्पकालिक निधियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये और दूसरा दीर्घकालिक निधियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये।

**मुद्रा बाज़ार** किसी अर्थव्यवस्था का अल्पकालिक वित्तीय बाज़ार है। इस बाज़ार में उन व्यक्तियों या समूहों (यानी, वित्तीय संस्थानों, बैंकों, सरकार, कंपनियों आदि) के बीच धन का लेन-देन होता है, जिनके पास या तो नकद-अधिशेष होता है या नकद का अभाव होता है। 364 दिनों तक की अवधि को 'अल्पावधि' कहते हैं।

भारत का मुद्रा बाज़ार एक एकीकृत इकाई नहीं है बल्कि इसके दो खंड हैं- **असंगठित मुद्रा बाज़ार** और **संगठित मुद्रा बाज़ार।**

**संगठित मुद्रा बाज़ार के साधन:**

- **ट्रेज़री बिल:** 364 दिनों की अवधि तक की अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये केंद्र सरकार द्वारा इनका उपयोग किया जाता है।
- **कॉल मनी मार्केट:** एक दिन के लिये निधियों को आदान प्रदान-प्रदान।
- **जमा प्रमाणपत्र:** ये बैंकों द्वारा जमाकर्त्ताओं को एक वर्ष से कम अवधि के लिये जारी किये जाते हैं। ये मुद्रा बाज़ार में परक्राम्य (Negotiable) और व्यापार योग्य हैं।
- **वाणिज्यिक बिल**
- **वाणिज्यिक पत्र:** इनका उपयोग भारत में कॉर्पोरेट घरानों द्वारा किया जाता है।
- **मुद्रा बाज़ार म्यूचुअल फंड:** यह एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो उच्च गुणवत्ता, अल्पकालिक ऋण उपकरणों, नकद और नकद समकक्षों में निवेश करता है।
- रेपो और रिवर्स रेपो मार्केट
- कैश मैनेजमेंट बिल

**अत: विकल्प (b) सही है।**

**असंगठित मुद्रा बाज़ार के साधन:**

- गैर-विनियमित गैर-बैंकिंग वित्तीय मध्यवर्ती संस्थाएँ
- स्वदेशी बैंकर
- साहूकार
- 'हुंडी' किसी व्यक्ति द्वारा लिखित एक बिना शर्त का आदेश है जिसका उपयोग आदेश में नामित किसी अन्य व्यक्ति को एक निश्चित राशि का सीधा भुगतान करने के लिये किया जाता है। **भारत में इसकी कोई कानूनी मान्यता नहीं है।** इन्हें प्रेषण उपकरण, क्रेडिट उपकरण और विनिमय पत्र के रूप में उपयोग किया जाता था।

12. खुला बाज़ार परिचालन (ओ.एम.ओ.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इनका उपयोग अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने के लिये किया जाता है।
    2. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा खुला बाज़ार परिचालन के उपकरण के रूप में केवल सरकारी प्रतिभूतियों का प्रयोग किया जा सकता है।
    3. इन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से संचालित किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

    (a) केवल 1 और 2
    (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1 और 3
    (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** आर.बी.आई. अथवा देश के केंद्रीय बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री को 'खुला बाज़ार परिचालन' (ओ.एम.ओ.) कहते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

- जब आर.बी.आई. अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को बढ़ाना चाहता है, तो वह बाज़ार से सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करता है और बाज़ार से तरलता को सोखने के लिये सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री करता है।
- ओ.एम.ओ. का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करना है। ओ.एम.ओ. वह साधन है जिसका उपयोग आर.बी.आई. द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान ब्याज़ दर और मुद्रास्फीति दर के स्तर पर तरलता के न्यूनतम

प्रभाव हेतु तरलता को सुचारु स्थिति में बनाए रखने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- आर.बी.आई., वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से ओ.एम.ओ. का संचालन करता है और इसलिये जनता के साथ सीधे लेन-देन नहीं करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2020 से भारत अपने घरेलू उपभोग के लिये किसी भी प्रकार के कच्चे तेल के निर्यात से स्वतंत्र हो जाएगा।
2. भारत में कच्चे तेल के मूल्य में वृद्धि द्वारा सामान्यत: घाटे में वृद्धि होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तेल और प्राकृतिक गैस की खोज और उत्पादन, शोधन, वितरण और विपणन, आयात व निर्यात तथा पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण से संबंधित है।

- चीन के बाद भारत एशिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का निर्यातक देश है, जिसने लगभग चार मिलियन बैरल प्रति दिन (जुलाई 2019) खरीदा था। भारतीय अर्थव्यवस्था के कच्चे तेल की मांग को देखते हुए यह असंभव है कि निकट भविष्य में भारत कच्चे तेल के निर्यात से स्वतंत्र हो जाएगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि आमतौर पर अंडर-रिकवरी को बढ़ा देती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पेट्रोलियम उत्पादों की उत्पादन लागत और उपभोक्ताओं को बेची जाने वाली कीमत के अंतर को 'अंडर-रिकवरी' कहा जाता है। अंडर-रिकवरी इन उत्पादों की आपूर्ति के दौरान तेल विपणन कंपनियों को हुए नुकसान को दर्शाती है।
- केंद्र सरकार एक अधिभार साझाकरण तंत्र के माध्यम से इस तरह के नुकसान का कुछ भाग सहन करके तेल विपणन कंपनियों को मुआवज़ा देती है।

14. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफ.पी.आई.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अपने देश के बाहर निवेश अवसरों में रुचि रखने वाले एक निवेशक द्वारा एफ.पी.आई. के माध्यम से निवेश किये जाने की सर्वाधिक संभावना है।
2. यह निवेशक को कंपनी की परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष स्वामित्व प्रदान करता है और बाज़ार की अस्थिरता के आधार पर अपेक्षाकृत तरल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** निवेशकों द्वारा किसी अन्य देश में रखी गई प्रतिभूतियाँ और अन्य वित्तीय संपत्तियाँ 'विदेशी पोर्टफोलियो निवेश' (एफ.पी.आई.) कहलाती हैं।

- पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से रिटर्न कमाने के उद्देश्य से दूर रहकर या अप्रत्यक्ष तरीके से प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है।
- विदेशों में संपत्ति में निवेश करने वाले निवेशकर्त्ताओं को इन कंपनियों या विदेशी सरकारों द्वारा बॉण्ड या अन्य ऋण, म्यूचुअल फंड या एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ई.टी.एफ.) जारी किये जाते हैं, जिन्हें 'शेयर पूंजी' (Holding) कहा जाता है।
- यदि कोई व्यक्तिगत निवेशक अपने देश के बाहर अवसरों में रुचि रखता है, तो इस बात की पूरी संभावना है कि वह एफ.पी.आई. के माध्यम से निवेश करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह निवेशक को किसी कंपनी की संपत्तियों का प्रत्यक्ष स्वामित्व प्रदान नहीं करता और बाज़ार की अस्थिरता के आधार पर अपेक्षाकृत तरल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

15. शून्य बजट प्राकृतिक खेती (जेड.बी.एन.एफ.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह ऐसी कृषि विधियों का एक समूह है जिसमें कृषि के लिये शून्य क्रेडिट तथा केवल रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करना शामिल है।
    2. भारत में सर्वप्रथम कर्नाटक में यह एक कृषि आंदोलन के रूप में विकसित हुई।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** शून्य बजट प्राकृतिक खेती की पद्धतियों का एक समूह है जिसमें कृषि के लिये कोई ऋण नहीं लिया जाता और रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं होता। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- कृषिविज्ञानी सुभाष पालेकर और राज्य के किसान संघ 'कर्नाटक राज्य रैता (किसान) संघ' (के.आर.आर.एस.) की सहभागिता के परिणामस्वरूप कर्नाटक (सर्वप्रथम) में एक कृषक आंदोलन के रूप में इसका प्रादुर्भाव हुआ। चूँकि कर्नाटक में इसे काफी सफलता मिली, अत: इस मॉडल को कई अन्य राज्यों में भी अपनाया गया, खासकर दक्षिण भारत में। **अत: कथन 2 सही है।**
- शून्य बजट कृषि का उद्देश्य किसानों को भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण से उपजे ऋण-जाल से बाहर निकालना है। यह छोटे पैमाने पर की जाने वाली खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने का भी एक प्रयास है।

16. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एन.बी.एफ.सी.) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. एन.बी.एफ.सी. कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत एक कंपनी है।
    2. इसमें कोई भी ऐसी संस्था शामिल नहीं है जिसका प्रमुख व्यवसाय कृषि गतिविधि हो।
    3. एन.बी.एफ.सी. द्वारा मांग जमा स्वीकार नहीं किये जाते हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

    (a) केवल 1 और 2
    (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1 और 3(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एन.बी.एफ.सी.) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत कंपनी है जो ऋण और अग्रिमों के व्यवसाय, सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था द्वारा जारी शेयरों/स्टॉक/बॉण्ड/डिबेंचर/सिक्योरिटी के अधिग्रहण, ऋण या समान प्रकृति वाली व्यवसाय योग्य प्रतिभूतियों, पट्टे, उधार-खरीद, बीमा कारोबार, चिट व्यवसाय आदि से संबद्ध है। अत: कथन 1 सही है।

- ऐसी कोई भी संस्था जिसका मुख्य व्यवसाय कृषि गतिविधि, औद्योगिक गतिविधि, किसी सामान की खरीद-बिक्री (प्रतिभूतियों को छोड़कर) या कोई भी सेवा प्रदान करना अथवा अचल संपत्ति की बिक्री/खरीद/निर्माण करना है, वह एन.बी.एफ.सी. के अंतर्गत नहीं आती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एन.बी.एफ.सी. उधार देते हैं एवं निवेश करते हैं इसलिये उनकी गतिविधियाँ बैंकों के ही समान होती हैं; हालाँकि, इन दोनों में कुछ अंतर निम्नलिखित हैं:
- एन.बी.एफ.सी. मांग जमा स्वीकार नहीं कर सकते। **अत: कथन 3 सही है।**
- एन.बी.एफ.सी. भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं हैं और स्वयं चेक भी जारी नहीं कर सकते।
- अन्य बैंकों की भाँति एन.बी.एफ.सी. के जमाकर्त्ताओं को डिपॉज़िट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन की जमा बीमा सुविधा उपलब्ध नहीं है।

17. निम्नलिखित में से कौन विस्तारित निधि सुविधा (ई.एफ.एफ.) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
    (a) यह संरचनात्मक कमज़ोरियों की स्थिति में किसी देश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) से प्राप्त सहायता है।
    (b) यह एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्ति है जिसका सृजन आई.एम.एफ. द्वारा अपने सदस्य देशों के आधिकारिक भंडार के अनुपूरक के रूप में किया है।
    (c) यह विश्व बैंक द्वारा दी जाने वाली ऋण सुविधा है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** जब कोई देश संरचनात्मक कमज़ोरियों के कारण मध्यावधि में गंभीर भुगतान संतुलन की समस्याओं का सामना करता है, जिसका समय पर समाधान करना आवश्यक हो तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) एक विस्तारित निधि सुविधा (ई.एफ.एफ.) के तहत समायोजन प्रक्रिया में सहायता कर सकता है। विस्तारित निधि सुविधा को ऐसे देशों की सहायता प्रदान करने के लिये स्थापित किया गया था:

(i) जो संरचनात्मक बाधाओं के कारण गंभीर भुगतान असंतुलन का सामना कर रहे हो।
(ii) धीमी वृद्धि और स्वाभाविक रूप से कमज़ोर भुगतान संतुलन की स्थिति इसकी विशेषता है। EEF ऐसे व्यापक कार्यक्रमों के समर्थन में सहायता प्रदान करता है जिसमें व्यापक गुंजाइश की नीतियाँ और एक विस्तारित अवधि में संरचनात्मक असंतुलन को ठीक करने के लिये आवश्यक स्वरूप शामिल है।

- **विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.)** एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है, जिसे आई.एम.एफ. द्वारा 1969 में अपने सदस्य देशों के आधिकारिक भंडार के पूरक निधि के

तौर पर बनाया गया था। एस.डी.आर. का मूल्य पाँच देशों की मुद्राओं पर आधारित है जिनमें- अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग शामिल हैं।

18. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कृषि, आवास और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण का भाग माना जाता है।
2. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के लिये कमज़ोर वर्ग श्रेणी के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय ऋण लेने के लिये पात्र हैं।
3. आर.बी.आई. का बैंकिंग विनियमन विभाग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के लिये नोडल एजेंसी है जो इसके अंतर्गत ब्याज दर का निर्धारण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** आर.बी.आई. द्वारा बैंकों को अपने एक निश्चित भाग को कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को ऋण प्रदान करने की एक महत्त्वपूर्ण ज़िम्मेदारी दी जाती है जिसे 'प्राथमिकता क्षेत्र' कहते हैं। ये विशिष्ट क्षेत्र निम्नलिखित हैं:

- **कृषि**
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई.)
- निर्यात ऋण
- शिक्षा
- **आवास**
- सामाजिक अवसंरचना
- **नवीकरणीय ऊर्जा**
- अन्य

**अत: कथन 1 सही है।**

- निम्नलिखित ऋण-ग्राहकों (Borrowers) को 'कमज़ोर वर्ग श्रेणी' के अंतर्गत 'प्राथमिकता क्षेत्र ऋण' देने पर विचार किया जा सकता है-
- छोटे और सीमांत किसान।
- कारीगर, ग्रामीण और कुटीर उद्योग जहाँ व्यक्तिगत ऋण सीमा `0.1 मिलियन से अधिक नहीं है।
- सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं, जैसे- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) और हाथ से मैला ढोने वालों के पुनर्वास हेतु स्वरोज़गार योजना (एस.आर.एम.एस.) के लाभार्थी।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति।
- विभेदक ब्याज़ दर (डी.आर.आई.) योजना के लाभार्थी।
- स्वयं सहायता समूह।
- गैर-संस्थागत उधारदाताओं के ऋण-जाल में फँसे किसान।
- किसानों के अलावा अन्य व्यथित व्यक्ति, जिनकी ऋण की राशि प्रति ऋण-ग्राहक `0.1 मिलियन से अधिक न हो, ताकि वे गैर-संस्थागत उधारदाताओं का ऋण चुका सकें।
- व्यक्तिगत महिला लाभार्थी, प्रति उधारकर्त्ता `0.1 मिलियन तक।
- दिव्यांग व्यक्ति।
- 18-65 वर्ष की आयु सीमा वाले प्रधानमंत्री जन धन योजना खाताधारकों के लिये ओवरड्राफ्ट सीमा ` 10,000 तक है।

- अल्पसंख्यक समुदायों को, जो समय-समय पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किये जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

बैंक ऋण पर ब्याज़ की दर समय-समय पर आर.बी.आई. के बैंकिंग विनियमन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार तय होगी। प्राथमिकता क्षेत्र के दिशा-निर्देश प्राथमिकता क्षेत्र ऋणों के लिये कोई दर निश्चित नहीं करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सरकार द्वारा राजस्व और गैर-राजस्व दोनों स्रोतों से प्राप्त किया गया धन प्राप्तियों का भाग होता है।
2. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) से अर्जित लाभांश गैर-कर राजस्व प्राप्तियों का भाग होते हैं।
3. सरकार द्वारा दिये गए सभी ऋणों से प्राप्त ब्याज सरकार की गैर-कर राजस्व प्राप्तियों का भाग नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या: राजस्व:** आय अथवा उपार्जन के रूप में प्राप्त हर वह धनराशि, जो वित्तीय देनदारियों को नहीं बढ़ाती है, अर्थात्- करयोग्य आय, विदेशी अनुदान सहित गैर-कर योग्य आय किसी फर्म या सरकार के लिये राजस्व है।

- **गैर-राजस्व:** सृजित धन का हर वह रूप, जो आय या उपार्जन नहीं है व वित्तीय देनदारियों में वृद्धि कर देता है (अर्थात् उधार के माध्यम से प्राप्त किया गया धन), किसी फर्म या सरकार के लिये एक गैर-राजस्व स्रोत माना जाता है।
- **प्राप्तियाँ:** किसी सरकार द्वारा राजस्व और गैर-राजस्व स्रोतों से किसी भी रूप में धन की प्राप्ति अथवा उपार्जन एक प्राप्ति (Reciept) है। उन राशियों के योग को **कुल प्राप्तियाँ** कहा जाता है। इसमें समस्त आय के साथ-साथ सरकार के गैर-आय उपार्जन भी शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है**।
- **गैर-कर राजस्व प्राप्तियाँ:** इसमें करों के अलावा अन्य स्रोतों से सरकार द्वारा अर्जित सभी धन शामिल हैं। भारत में ये स्रोत हैं:
  - लाभ और लाभांश, जो सरकार को अपने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) से प्राप्त होने वाले लाभ और लाभांश हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सरकार द्वारा अग्रेषित किये गए ऋणों से उसे प्राप्त ब्याज़, चाहे ऐसे ऋण देश के अंदर (आंतरिक उधार) दिये गए हों या देश के बाहर (यानी, बाहरी उधार)। इसका मतलब है कि यह आय घरेलू और विदेशी दोनों मुद्राओं में हो सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - राजकोषीय सेवाएँ भी सरकार के लिये आय सृजित करती हैं। इनमें मुद्रा मुद्रण, स्टांप मुद्रण, सिक्का और पदक ढालना आदि शामिल हैं।
  - सामान्य सेवाएँ जैसे कि बिजली वितरण, सिंचाई, बैंकिंग, बीमा, सामुदायिक सेवाएँ आदि भी सरकार के लिये धन का सृजन करती हैं।
  - सरकार द्वारा प्राप्त शुल्क, अर्थदंड एवं जुर्माना।

- सरकारों को प्राप्त अनुदान- यह हमेशा केंद्र सरकार के मामले में बाहरी और राज्य सरकारों के मामले में आंतरिक होता है।

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक को दिये गए ऋण प्रकृति में पूंजीगत व्यय है।
    2. रक्षा बलों के प्रबंधन हेतु किया गया व्यय एक योजनागत व्यय है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या: पूंजीगत व्यय:** सरकार से पूंजी प्राप्त करने वाले सभी क्षेत्र पूंजीगत व्यय का हिस्सा होते हैं। इसमें भारत के कई क्षेत्र शामिल हैं-

- **सरकार द्वारा ऋण वितरण:** सरकार द्वारा अग्रेषित ऋण आंतरिक (जैसे- राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, सार्वजनिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थाओं आदि के लिये) अथवा बाहरी (यानी- विदेशों, विदेशी बैंकों, विदेशी बॉण्डों की खरीद, आई.एम.एफ. व विश्व बैंक आदि को दिया गया ऋण) हो सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सरकार द्वारा ऋण भुगतान:** ऋण भुगतान आंतरिक के साथ-साथ बाहरी भी हो सकता है। इसमें ऋण भुगतान का केवल पूंजीगत हिस्सा शामिल होता है क्योंकि ऋण पर चुकाए गए ब्याज़ की प्रकृति को राजस्व व्यय के हिस्से के रूप में दिखाया जाता है।
- **सरकार का योजनागत व्यय:** इसमें भारत के योजनाबद्ध विकास के लिये किये गए व्यय के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को उनकी योजना संबंधी आवश्यकताओं के लिये दी जाने वाली वित्तीय सहायता शामिल है।
- **सरकार द्वारा रक्षा पर पूंजीगत व्यय:** इसमें रक्षा बलों के रख-रखाव के लिये, उनके लिये खरीदे गए उपकरण और साथ ही उनके आधुनिकीकरण पर किये जाने वाले सभी प्रकार के खर्चे शामिल हैं।
- ध्यातव्य है कि रक्षा **एक गैर-योजनागत व्यय** है जिसके रख-रखाव में पूंजीगत व्यय के साथ-साथ राजस्व व्यय भी होता है। रक्षा में किये गए व्यय का राजस्व भाग सरकार द्वारा राजस्व व्यय में गिना जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **सामान्य सेवाएँ:** इन्हें सरकार द्वारा विशाल पूंजीगत व्यय की आवश्यकता होती है, जैसे- रेलवे, डाक विभाग, जल आपूर्ति, शिक्षा, ग्रामीण विस्तार इत्यादि।

21. नमामि गंगे मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. जल की गुणवत्ता की निगरानी के लिये केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी.) उत्तरदायी है।
    2. इस मिशन के तहत की जाने वाली गतिविधियों में वनीकरण, रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, जन-जागरूकता अभियान, नदी के सतह की सफाई आदि शामिल हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** नमामि गंगे कार्यक्रम एक अम्ब्रेला प्रोग्राम है जो दक्षता और तालमेल बढ़ाने तथा अधिक व्यापक एवं बेहतर समन्वित हस्तक्षेप के साथ पूर्व और वर्तमान में चल रही पहलों को एकीकृत करता है।

- नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) गंगा नदी के जल की गुणवत्ता की निगरानी कर रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वनीकरण:** भारतीय वन्यजीव संस्थान के द्वारा गंगा के लिये वानिकी हस्तक्षेप, केंद्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान और पर्यावरण शिक्षा केंद्र शुरू किया गया है। इसके तहत की गई अन्य पहलों में रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, जन जागरूकता अभियान, नदी की सतह की सफाई आदि शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय नदी गंगा का संरक्षण और कायाकल्प तथा प्रदूषण का प्रभावी उन्मूलन इस कार्यक्रम के दो उद्देश्य हैं।

22. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
    2. यह स्वास्थ्य से संबंधित मामलों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का एक सलाहकारी निकाय है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद (CCHFW) का 13वाँ सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

- इस बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राथमिकताओं पर सहमति बनाना था।
- यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के दो प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है:

1. **केंद्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का बढ़ता स्वास्थ्य बजट।**
    - राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP) 2017 के अनुसार वर्ष 2025 तक जी.डी.पी. के 2.5 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल खर्च के लक्ष्य को पूरा करने के लिये केंद्र और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा सामूहिक रूप से स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि करना आवश्यक है।
2. **चिकित्सीय अवसंरचना को मज़बूत करना।**
    - यह आयुष्मान भारत के माध्यम से टी.बी. और अन्य संचारी रोगों का उन्मूलन कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा अन्य प्राथमिकतापूर्ण कार्यक्रमों के द्वारा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को लक्षित करेगा।

**केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद (CCHFW)**

- यह संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत गठित एक सर्वोच्च सलाहकारी निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य नीति निर्माण पर स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता और सलाह प्रदान करना है तथा स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में नीतिगत सिफारिश करना है। **अत:, कथन 2 सही है।**

- CCHFW की पहली बैठक वर्ष 1988 में आयोजित की गई थी।

**परिषद की संगठनात्मक संरचना:**

- **अध्यक्ष:** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री।
- **उपाध्यक्ष:** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री।

23. निम्नलिखित में से कौन-से इकोटोन हैं?
    1. मैंग्रोव
    2. घास के मैदान
    3. वन
    4. ज्वारनदमुख
    5. प्रवाल-भित्ति

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    (a) केवल 1, 2 और 3
    (b) केवल 1, 2 और 4
    (c) केवल 2, 3, 4 और 5
    (d) केवल 1, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** इकोटोन पौधों के विभिन्न समुदायों के बीच वनस्पति का एक संक्रमण क्षेत्र है जहाँ दो समुदाय मिलते हैं और एकीकृत होते हैं।

- मैंग्रोव समुद्री और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के बीच इकोटोन का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- घास के मैदान जंगल और रेगिस्तान के बीच अवस्थित हैं।
- ताजे पानी और खारे पानी के बीच (एश्चुअरी) का निर्माण होता है।
- वन और प्रवाल भित्तियाँ इकोटोन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। **अत: विकल्प (b) सही है।**

24. वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है?

    (a) विश्व आर्थिक मंच
    (b) विश्व बैंक
    (c) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
    (d) अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** विश्व आर्थिक मंच:

- यह वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा रिपोर्ट प्रकाशित करता है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

**आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा क्या है?**

- विश्व आर्थिक मंच वर्ष 1979 से देशों के मध्य प्रतिस्पर्द्धा को माप रहा है, इसे ऐसे संस्थानों, नीतियों और कारकों के समूह के रूप में परिभाषित करते हैं, जो किसी देश की उत्पादकता के स्तर को निर्धारित करता है।
- वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा रिपोर्ट सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को उत्पादकता बढ़ाकर समृद्धि लाने में मदद करने वाला एक उपकरण है।
- वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा सूचकांक रिपोर्ट के लिये कुछ आधार निर्धारित करता है। यह 114 संकेतकों के अनुसार प्रदर्शन को मापता है जो देश की उत्पादकता को प्रभावित करते हैं।
- 2019 के नवीनतम संस्करण में 141 अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया है, जो वैश्विक जी.डी.पी. के 98% से अधिक है।

25. जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये भू-अभियांत्रिकी के तहत निम्नलिखित में से कौन-से उपाय अपनाए गए हैं?
    1. कृत्रिम वृक्ष
    2. जल में चूने को मिलाना
    3. छतों को सफेद रंग में रंगना
    4. समतापमंडल में सल्फेट एरोसोल मिलाना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भू-अभियांत्रिकी का उद्देश्य वायु से $CO_2$ को हटाकर या पृथ्वी तक पहुँचने वाली धूप को सीमित करके जलवायु परिवर्तन से निपटना है।

- बड़े पैमाने पर भू-अभियांत्रिकी अभी भी अवधारणा के स्तर पर है और इसके पक्षकारों का दावा है कि अगर दुनिया को जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचाने हेतु यह अत्यंत कारगर सिद्ध हो सकती है।

**वायु से $CO_2$** हटाने का उपाय:

- कृत्रिम पेड़ प्लास्टिक पॉलिमर का उपयोग करके वायुमंडल से गैस खींचते हैं।
- पानी में अधिक मात्रा में चूना मिलाना। यह वायु से अधिक $CO_2$ अवशोषित करने के लिये पानी की क्षमता को बढ़ाता है।

**अन्य योजनाएँ:** जो कभी-कभी लेकिन हमेशा भू-अभियांत्रिकी के रूप में वर्णित नहीं होती हैं:

- कार्बन को मिट्टी में ही दबाने के लिये बड़ी मात्रा में लकड़ी का कोयला बनाना और दबाना।
- मवेशियों को चराते हुए घास के मैदान को विशाल कार्बन सिंक में बदलने के लिये डिजाइन किया गया हैं।

**पृथ्वी तक पहुँचने वाली सूर्य के प्रकाश की मात्रा को कम करने के लिये बनाई गई योजनाएँ:**

- अंतरिक्ष में वापस सूर्य के प्रकाश को प्रतिबिंबित करने के लिये समताप मंडल में सल्फेट एरोसोल को जलाना।
- हवा में समुद्र के पानी का छिड़काव करके महासागरीय बादल के आवरण को बढ़ाने के लिये मानव रहित जहाजों का उपयोग करना।
- परावर्तन को बढ़ाने के लिये वैश्विक रूप से छतों पर सफेद पुताई करना।
- पृथ्वी और सूर्य के बीच अंतरिक्ष में हजारों छोटे दर्पण स्थापित करना।

**अत: विकल्प (d) सही है।**

26. समुद्री संरक्षित क्षेत्रों (एम.पी.ए.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ किसी भी प्रकार की मानवीय गतिविधियों की अनुमति नहीं है।
2. प्रकृति संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ समुद्री संरक्षित क्षेत्रों (एम.पी.ए.) के विस्तार को बढ़ावा देने के लिये नीति बनाने से संबद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** समुद्री संरक्षित क्षेत्र शब्द में समुद्री भंडार, पूर्णत: संरक्षित समुद्री क्षेत्र, नो-टेक जोन, समुद्री अभयारण्य, महासागर अभयारण्य, समुद्री पार्क, स्थानीय रूप से प्रबंधित समुद्री क्षेत्र आदि शामिल हैं।

- इनमें से कई में सुरक्षा के विभिन्न स्तर तथा उनकी सीमाओं के भीतर अनुमत या निषिद्ध गतिविधियों की सीमा काफी भिन्न होती है।
- समुद्री संरक्षित क्षेत्र (MPAs) प्राकृतिक क्षेत्रों के सुरक्षात्मक प्रबंधन को शामिल करते हैं ताकि उन्हें उनके प्राकृतिक अवस्था में रखा जा सके। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समुद्री संरक्षित क्षेत्र (MPAs) आर्थिक संसाधनों, जैव-विविधता संरक्षण और

प्रजातियों के संरक्षण सहित कई कारणों से संरक्षित किया जाता हैं।

- वे उस क्षेत्र के भीतर अनुमत और गैर-अनुमत उपयोगों के साथ क्षेत्रों का परिसीमन करके बनाए गए हैं।
- IUCN विश्वसनीय विज्ञान के माध्यम से स्थानीय हितधारकों के साथ जुड़कर MPA नेटवर्क के विस्तार की वकालत करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**समुद्री संरक्षित क्षेत्रों के लाभ:**

- जैव-विविधता को बनाए रखना और विलुप्तप्राय और व्यावसायिक प्रजातियों के लिये आश्रय प्रदान करना।
- मछली पकड़ने की हानिकारक प्रथाओं और अन्य मानवीय गतिविधियों द्वारा होने वाली क्षति से सुभेद्य आवासों की रक्षा करना तथा उन्हें पुनर्जीवित करने की अनुमति देना।
- ऐसे क्षेत्र सृजित करना जहाँ मछली प्रजनन करने, अंडे देने तथा वयस्क होने में सक्षम हो।
- आसपास के मत्स्य क्षेत्रों में मछली पकड़ने (आकार और मात्रा दोनों) को बढ़ावा देना।
- बाहरी प्रभावों जैसे जलवायु परिवर्तन की हानियों से बचाने के लिये लोचशीलता का निर्माण।
- समुद्री पर्यावरण से जटिल रूप से जुड़ी स्थानीय संस्कृतियों, अर्थव्यवस्थाओं और आजीविका को बनाए रखने में मदद करना।

27. स्कूल शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक (एस.ई.क्यू.आई.) को निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा प्रकाशित किया जाता है?

a. राष्ट्रीय विकास परिषद

b. नीति अयोग

c. प्रथम एन.जी.ओ.

d. यूनिसेफ

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UTs) के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिये नीति आयोग (NITI Aayog) द्वारा स्कूल शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक (SEQI) विकसित किया गया है। अत: विकल्प (b) सही है।

- इस सूचकांक का उद्देश्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को उनकी मजबूती और कमज़ोरियों की पहचान करने तथा अपेक्षित पाठ्यक्रम सुधार या नीतिगत हस्तक्षेप करने के लिये एक मंच प्रदान करके शिक्षा नीति पर ध्यान केंद्रित करना है।
- इस सूचकांक को एक सहयोगी प्रक्रिया के माध्यम से विकसित किया गया है, जिसमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD), विश्व बैंक तथा इस क्षेत्र के विशेषज्ञ जैसे प्रमुख हितधारक शामिल हैं तथा इस सूचकांक में 30 महत्त्वपूर्ण संकेतक शामिल हैं जो गुणवत्ता शिक्षा के वितरण का आकलन करते हैं।

28. कार्बन ऑफसेटिंग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

a. यह एक ऐसी योजना है जिसमें व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा अपने कार्बन फुटप्रिंट को संतुलित करने के लिये पर्यावरण परियोजनाओं में निवेश किया जाता है।

b. यह राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान एवं वास्तविक अर्जित लक्ष्यों के मध्य अंतर है।

c. यह कार्बन पृथक्करण तकनीकों को सुविधाजनक बनाने के लिये संबंधित देशों की सरकारों के बीच द्विपक्षीय या बहुपक्षीय रूप से हस्ताक्षरित एक नीतिगत ढाँचा है।

d. यह महासागरों से कार्बन डाइऑक्साइड के आधिक्य को सोखने हेतु एक योजना है।

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** कार्बन ऑफसेट योजना व्यक्तियों और कंपनियों को अपने स्वयं के कार्बन पदचिह्नों को संतुलित करने के लिये दुनिया भर में पर्यावरण परियोजनाओं में निवेश करने की अनुमति देती है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

- ये परियोजनाएँ आमतौर पर विकासशील देशों में आधारित होती हैं जो आमतौर पर भविष्य के उत्सर्जन को कम करने के लिये डिज़ाइन की जाती हैं।
- अन्य योजनाएँ पेड़ों के रोपण के माध्यम से वायु से सीधे $CO_2$ को सोखने का काम करती हैं।

29. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'सेफगार्डिंग द ग्लोबल कॉमन्स' रिपोर्ट प्रकाशित करता है?

a. हरित जलवायु कोष
b. प्रकृति संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ
c. वैश्विक पर्यावरण सुविधा
d. जलवायु परिवर्तन पर अंतर्सरकारी पैनल

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** 'सेफगार्डिंग द ग्लोबल कॉमन्स' ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी द्वारा प्रकाशित की जाती है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

- वैश्विक पर्यावरण सुविधा की स्थापना वर्ष 1992 में रियो पृथ्वी शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर की गई थी ताकि हमारे ग्रह की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने में मदद मिल सके।
- ग्लोबल कॉमन्स की सुरक्षा मुख्य रूप से भोजन, शहरी और ऊर्जा प्रणालियों को बदलने तथा एक चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। हमेशा की तरह व्यावसायिक गतिविधियाँ आपदाओं का कारण बनेंगी जबकि वृद्धिशील परिवर्तन पर्याप्त नहीं है। इसका एकमात्र समाधान रूपांतरकारी परिवर्तन है।

30. 'गांधीवादी चुनौती' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

a. इसका लक्ष्य देश में स्वच्छता को बढ़ावा देना है।
b. इसका लक्ष्य सामाजिक विषमताओं को कम करने के लिये सरकारी नीतियों में गांधीवादी सिद्धांतों को अपनाना है।
c. इसका लक्ष्य बच्चों में नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है।
d. इसका लक्ष्य आधुनिक तकनीक के उपयोग से गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर नीति आयोग के फ्लैगशिप प्रोग्राम अटल इनोवेशन मिशन के तहत स्थापित अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) और जनरेशन अनलिमिटेड तथा यूनिसेफ इंडिया ने मिलकर 'द गांधीवादी चैलेंज' लॉन्च किया।

- इस साझेदारी के माध्यम से अटल इनोवेशन मिशन और यूनिसेफ, गांधी के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए, हर बच्चे की क्षमता और उनके पसंद की दुनिया के लिये अपने सपनों को आवाज देने के अधिकार को पहचान देते हैं।
- इसका उद्देश्य बच्चों को युवा नवोन्मेषकों और उद्यमियों के रूप में विकसित करने के लिये समर्थन करना है। **अत: विकल्प (c) सही है।**
- गांधीवादी चैलेंज के लिये समस्यात्मक कथन यह है कि: 'गांधी के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए अपने सपनों की भविष्योन्मुख और स्थायी दुनिया बनाने

के लिये अपने अभिनव समाधानों/विचारों को साझा करें।'

31. संविधान संशोधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान के भाग-XX का अनुच्छेद-368, संसद की संविधान को संशोधित करने की शक्तियों और उनके लिये अनुपालन की जाने वाली प्रक्रियाओं से संबंधित है।
2. संविधान संशोधन विधेयक संसद के उच्च या निम्न सदन में या राज्य विधायिका में पेश किया जा सकता है।
3. संशोधन विधेयक राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति से केवल मंत्री द्वारा पेश किया जा सकता है।
4. राष्ट्रपति न तो अपनी सहमति को रोक सकता है न ही संविधान संशोधन विधेयक संसद को लौटा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** संविधान के भाग 20 में शामिल अनुच्छेद-368 संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति और उसकी प्रक्रिया से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।

- संविधान का संशोधन केवल संसद के किसी सदन में इस प्रयोजन के लिये विधेयक पुर:स्थापित करके ही किया जा सकता है, न कि राज्य विधानसभाओं में। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विधेयक को किसी मंत्री या निजी सदस्य द्वारा पेश किया जा सकता है और ऐसा करने से पूर्व राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपति को संविधान संशोधन विधेयक को अपनी स्वीकृति देनी होगी। वह न तो विधेयक पर अपनी सहमति को रोक सकता है और न ही संसद के पुनर्विचार के लिये विधेयक को लौटा सकता है। **अत: कथन 4 सही है।**

32. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. संसद की सीमित संशोधन शक्ति संविधान की एक मूलभूत विशेषता है।
2. संसद अपनी संशोधन शक्ति का विस्तार करके अपने लिये संविधान को निरसित या रद्द करने या इसकी मूलभूत विशेषताओं को नष्ट करने का अधिकार अधिगृहीत कर सकती है।
3. विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण संविधान की मूलभूत संरचनाओं में से एक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार संसद की सीमित संशोधन शक्ति संविधान के आधारभूत लक्षणों में से एक है और इसलिये इस शक्ति पर आरोपित सीमाओं को समाप्त नहीं किया जा सकता। अत: कथन 1 सही है।

अनुच्छेद-368 के अंतर्गत, संसद अपनी संशोधित शक्ति का विस्तार इस प्रकार नहीं

कर सकती कि उसे संविधान को निरस्त या निष्प्रभावी करने अथवा इसकी आधारभूत विशेषताओं को नष्ट करने का अधिकार प्राप्त हो जाए। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**आधारभूत संरचना के तत्त्व:**

1. संविधान की सर्वोच्चता।
2. भारतीय राजव्यवस्था का संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतंत्रात्मक स्वरूप।
3. संविधान का पंथनिरपेक्ष चरित्र।
4. विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण। **अत: कथन 3 सही है।**
5. संविधान का संघीय चरित्र।
6. राष्ट्र की एकता और अखंडता।
7. लोककल्याणकारी राज्य (सामाजिक-आर्थिक न्याय)।
8. न्यायिक समीक्षा।
9. व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा।
10. संसदीय प्रणाली।
11. विधि का शासन।
12. मौलिक अधिकारों और नीति-निदेशक सिद्धांतों के बीच सामंजस्य और संतुलन।
13. समानता का सिद्धांत।
14. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव।
15. न्यायपालिका की स्वतंत्रता।
16. संविधान संशोधन की संसद की सीमित शक्ति।
17. न्याय तक प्रभावी पहुँच।
18. मूल अधिकारों में अंतर्निहित सिद्धांत।
19. अनुच्छेद-32, 136, 141 और 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को प्राप्त शक्तियाँ।
20. अनुच्छेद-226 और 227 के तहत उच्च न्यायालयों को प्राप्त शक्तियाँ।

33. सरकार के संसदीय रूप के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

    1. इसमें कार्यपालिका अपनी नीतियों और अधिनियमों के लिये विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है।
    2. इसे 'सरकार का वेस्टमिन्स्टर मॉडल' भी कहा जाता है।
    3. रूस, ब्राज़ील, संयुक्त राज्य अमेरिका और श्रीलंका में इस प्रकार की सरकार है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    (a) केवल 1
    (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 3
    (d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** सरकार की संसदीय प्रणाली वह है जिसमें कार्यपालिका अपनी नीतियों और कृत्यों के लिये विधायिका के प्रति उत्तरदायी होती है। अत: कथन 1 सही है।

- संसदीय सरकार को कैबिनेट सरकार अथवा उत्तरदायी सरकार अथवा सरकार के वेस्टमिंस्टर मॉडल के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह प्रणाली ब्रिटेन, जापान, कनाडा, भारत आदि में प्रचलित है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राज़ील, रूस, श्रीलंका आदि में राष्ट्रपतीय प्रणाली अथवा अध्यक्षीय प्रणाली की सरकार प्रचलित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

34. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
2. 2019 का SCO वार्षिक शिखर सम्मेलन किंगदाओ, चीन में आयोजित हुआ था।
3. भारत SCO का स्थायी सदस्य नहीं है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** एस.सी.ओ. (SCO) एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका उद्देश्य यूरेशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व बनाए रखना है।
- इसकी स्थापना 2001 में हुई थी।
- एस.सी.ओ. चार्टर पर 2002 में हस्ताक्षर किये गए थे और 2003 में यह प्रभावी हुआ।
- यह एक वैधानिक दस्तावेज़ है, जो संगठन के लक्ष्यों और सिद्धांतों के साथ-ही-साथ इसकी संरचना और मुख्य गतिविधियों को उल्लिखित करता है।
- एस.सी.ओ. की आधिकारिक भाषाएँ रूसी और चीनी हैं।
- 19वाँ वार्षिक शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) शिखर सम्मेलन 13-14 जून 2019 को किर्गिज़ गणराज्य (किर्गिस्तान) के बिश्केक में आयोजित किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस वर्ष की घोषणा ने अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय (Comprehensive Convention on International Terrorism – CCIT) को अंगीकृत करने के संबंध में सर्वसम्मति के लिये भी दबाव डाला।

**एस.सी.ओ. के स्थायी सदस्य:**

1. कज़ाकिस्तान
2. चीन
3. किर्गिस्तान
4. रूस
5. ताज़िकिस्तान
6. उज़्बेकिस्तान
7. भारत
8. पाकिस्तान

**अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**एस.सी.ओ. के पर्यवेक्षक देश:**

1. अफगानिस्तान
2. बेलारूस
3. ईरान
4. मंगोलिया

**संवाद भागीदार देश:**

1. अज़रबैजान
2. आर्मेनिया
3. कंबोडिया
4. नेपाल
5. तुर्की
6. श्रीलंका

35. किम्बर्ले प्रक्रिया संबंधित है:

a. वैश्विक आपूर्ति शृंखला से कॉन्फ्लिक्ट डायमंड को हटाने से।
b. अफ्रीका से चिकनगुनिया बुखार के उन्मूलन से।
c. जल के संरक्षण से।
d. अफ्रीका के उत्तरी राज्यों में आतंकवाद को नियंत्रित करने से।

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** किम्बरले प्रक्रिया (Kimberley Process–KP) वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से 'कॉन्फ्लिक्ट डायमंड' को हटाने की दिशा में एक प्रतिबद्धता है। **अत: विकल्प (a) सही है।**

- कॉन्फ्लिक्ट डायमंड, जिन्हें 'ब्लड डायमंड' (Blood Diamonds) के रूप में भी जाना जाता है, वे अपरिष्कृत (Rough) हीरे हैं जिनका उपयोग विद्रोही आंदोलनों या उनके सहयोगियों द्वारा वैध सरकारों को कमज़ोर करने के उद्देश्य से संचालित सशस्त्र संघर्षों के वित्तपोषण के लिये किया जाता है।
- किम्बरले प्रक्रिया का वर्णन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यू.एन.एस.सी.) के प्रस्तावों में भी किया गया है।
- किम्बरले प्रक्रिया प्रमाणन योजना (Kimberley Process Certification Scheme–KPCS) की अंतर-सत्रीय बैठक वर्ष के मध्य में आयोजित होने वाली वार्षिक बैठक है, जहाँ विश्व भर की सरकारों (मुख्यत: अफ्रीकी देश) के विरुद्ध विद्रोहियों के युद्ध के वित्तपोषण हेतु कॉन्फ्लिक्ट डायमंड के प्रवाह को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रशासन, नागरिक समाज और हीरा उद्योग एकजुट होते हैं।
- वर्ष 2019 के लिये किम्बरले प्रक्रिया की अध्यक्षता भारत के पास है।
- प्रत्येक अपरिष्कृत हीरे को एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है, जो पुष्टि करता है कि इसका किसी संघर्ष से संबंध नहीं है और अधिकांश देशों में निर्यात-आयात प्रक्रियाएँ अब कठोर नियंत्रण के अधीन हैं।

36. भारत ने हाल ही में क्राइस्टचर्च कॉल टू एक्शन पर हस्ताक्षर किये हैं, यह घोषणा निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
    a. अवैध प्रवास
    b. ऑनलाइन अतिवादी सामग्री
    c. वैश्विक तापन
    d. समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** मई 2019 में भारत ने 'क्राइस्टचर्च कॉल टू एक्शन' पर हस्ताक्षर किये। समझौते का उद्देश्य चरमपंथियों द्वारा इंटरनेट के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना है।

- हस्ताक्षरकर्त्ता 17 देशों द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया कि चरमपंथी सामग्री के ऑनलाइन प्रसार का पीड़ितों के मानवाधिकारों पर, हमारी सामूहिक सुरक्षा पर और विश्व भर में लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
- पेरिस में आयोजित इस सम्मेलन में माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, ट्विटर, फेसबुक और अमेज़न जैसे प्रमुख ऑनलाइन मंचों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

**अत: विकल्प (b) सही है।**

37. संघीय व्यवस्था एवं एकात्मक व्यवस्था में निम्नलिखित अंतर पर विचार कीजिये:
    1. संघीय व्यवस्था में लिखित संविधान होता है जबकि एकात्मक व्यवस्था में लिखित या अलिखित संविधान होता है।
    2. संघीय व्यवस्था में अनम्य संविधान होता है जबकि एकात्मक व्यवस्था में अनम्य अथवा नम्य संविधान होता है।
    3. संघीय व्यवस्था में द्विसदनीय विधायिका होती है जबकि एकात्मक व्यवस्था में एकसदनीय विधायिका होती है।

4. संघीय व्यवस्था में संविधान की प्रधानता होती है जबकि एकात्मक व्यवस्था में संविधान की कोई प्रधानता नहीं होती।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 3 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

| संघात्मक सरकार | एकात्मक सरकार |
|---|---|
| 1. दोहरी सरकार | एकल सरकार |
| 2. लिखित संविधान | लिखित अथवा अलिखित संविधान |
| 3. राष्ट्रीय व क्षेत्रीय सरकार के बीच शक्तियों का विभाजन | शक्ति का कोई विभाजन नहीं। सभी शक्तियाँ राष्ट्रीय सरकार में निहित |
| 4. संविधान की सर्वोच्चता | संविधान सर्वोच्च हो भी सकता है (जापान), नहीं भी हो सकता है (ब्रिटेन) |
| 5. कठोर संविधान | संविधान कठोर भी हो सकता है, लचीला भी |
| 6. स्वतंत्र न्यायपालिका | न्यायपालिका स्वतंत्र हो भी सकती है, नहीं भी |
| 7. द्विसदनीय विधानमंडल | विधानमंडल द्विसदनीय अथवा एकसदनीय हो सकता है |

**अत: विकल्प (d) सही है।**

38. वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते स्तर के विरुद्ध लड़ाई में कार्बन कैप्चर और भंडारण एक अनिवार्य साधन बन गया है। कैप्चर किये गए कार्बन के भंडारण के लिये निम्नलिखित में से किन्हें उचित विकल्प माना जाता है?

1. क्षयित तेल क्षेत्र
2. क्षयित गैस क्षेत्र
3. गहरे लवणीय निर्माण
4. क्षयित हो रहे तेल क्षेत्र

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज (CCS) एक प्रौद्योगिकी है, जो विद्युत उत्पादन और औद्योगिक प्रक्रियाओं में जीवाश्म ईंधन के उपयोग से उत्पन्न कार्बन डाइ-ऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन के 90 प्रतिशत तक हिस्से का अभिग्रहण कर सकती है और वायुमंडल में इनके प्रवेश को रोक सकती है।

- इसके अतिरिक्त नवीकरणीय बायोमास के साथ सी.सी.एस. का उपयोग उन कुछ कार्बन न्यूनीकरण प्रौद्योगिकियों में से एक है जिन्हें 'कार्बन-नेगेटिव' मोड में उपयोग किया जा सकता है और यह वस्तुत: वायुमंडल से कार्बन डाइ-ऑक्साइड बाहर कर देता है।
- सी.सी.एस. शृंखला में तीन भाग होते हैं: कार्बन डाइ-ऑक्साइड का अभिग्रहण (Capturing), कार्बन डाइ-ऑक्साइड का परिवहन (Transporting) और कार्बन डाइ-ऑक्साइड के उत्सर्जन का सुरक्षित रूप से भंडारण (Storing)।
- सर्वप्रथम अभिग्राही प्रौद्योगिकियाँ (Capture Technologies) बिजली उत्पादन और औद्योगिक प्रक्रियाओं में उत्पादित गैसों से कार्बन डाइ-

ऑक्साइड के पृथक्करण के लिये निम्नलिखित तीन विधियों में से एक के उपयोग का अवसर देती हैं: दहन-पूर्व अभिग्रहण (Pre-combustion Capture), दहन पश्चात् अभिग्रहण (Post-combustion Capture) और ऑक्सीफ्यूल दहन (Oxyfuel Combustion)।

- इसके बाद कार्बन डाइ-ऑक्साइड का पाइपलाइन या जहाज़ द्वारा सुरक्षित भंडारण के लिये परिवहन किया जाता है।
- कार्बन डाइ-ऑक्साइड ($CO_2$) के परिवहन के बाद इसे रंध्रयुक्त भू-वैज्ञानिक संरचनाओं में भंडारित किया जाता है, जो सामान्यत: पृथ्वी की सतह के नीचे कई किलोमीटर की गहराई पर अवस्थित होती हैं। यहाँ दाब और तापमान इतना हो कि कार्बन डाइ-ऑक्साइड तरल या 'सुपरक्रिटिकल फेज़' (Supercritical Phase) में बनी रहे।
- उपर्युक्त भंडारण स्थलों में अतीत में उपयोग किये गए गैस और तेल क्षेत्र, गहरी खारी संरचनाएँ (अत्यंत खारे जल से भरी रंध्रयुक्त चट्टानें) अथवा क्षयित तेल क्षेत्र, जहाँ कार्बन डाइ-ऑक्साइड के प्रवेश से निष्कर्षित तेल की मात्रा में वृद्धि हो सकती है, शामिल हैं। **अत: विकल्प (d) सही है।**
- आरंभिक परियोजनाओं के लिये क्षयित तेल और गैस क्षेत्रों के उपयोग की अधिक संभावना है क्योंकि उनके संबंध में भूवैज्ञानिक और द्रव-गतिकीय (Hydrodynamic) मूल्यांकन पहले से उपलब्ध होते हैं।
- गहरे खारे जलभृत (Deep Saline Aquifers) दीर्घावधि में कार्बन डाइ-ऑक्साइड भंडारण के सबसे बड़े स्रोत बन सकते हैं, लेकिन वर्तमान में इनके संबंध में पर्याप्त ज्ञान का अभाव है।

39. यदि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के पूंजी (लेवरेज) अनुपात में राहत दे दी जाती है तो ऐसे कदम के त्वरित परिणाम क्या होंगे?
    a. इससे बैंकों की उधार देने की क्षमता कम हो जाती है।
    b. इससे बैंकों की उधार देने की क्षमता बढ़ जाती है।
    c. बैंक ऋण पर ब्याज़ दर बढ़ जाती है।
    d. बैंक ऋण पर ब्याज़ दर कम हो जाती है।

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** यदि भारतीय रिज़र्व बैंक लीवरेज अनुपात (Leverage Ratio) में ढील देता है तो इससे बैंकों की ऋणदेयता क्षमता बढ़ जाती है क्योंकि अब बैंकों के पास अधिक धन होता है जिसे वे उधार दे सकते हैं। अत: विकल्प (b) सही है।

- बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति ने वर्ष 2010 में सुधारों के बेसल-III (Basel-III) समूह में लीवरेज अनुपात की शुरुआत की थी।
- लीवरेज अनुपात को पूंजी मापक के एक्सपोजर मापक द्वारा विभाजन के रूप में परिभाषित किया गया है (लीवरेज अनुपात = पूंजी मापक/एक्सपोजर मापक) जिसे प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। पूंजी मापक में टियर 1 पूंजी और एक्सपोजर मापक में ऑन-बैलेंस शीट एक्सपोजर और ऑफ-बैलेंस शीट आइटम, दोनों शामिल हैं।
- लीवरेज अनुपात किसी बैंक की मूल पूंजी का उसकी कुल परिसंपत्तियों के साथ अनुपात होता है। यह अनुपात

टियर 1 पूंजी का उपयोग कर यह तय करता है कि कोई बैंक अपनी संचित परिसंपत्तियों के संबंध में कितना लीवरेज रखता है।

- टियर 1 परिसंपत्तियाँ वे हैं जिन्हें किसी वित्तीय संकट की स्थिति में बैंक की पूंजी आवश्यकता की पूर्ति के लिये सरलता से तरलीकृत किया जा सकता है। इस प्रकार, यह मूलत: किसी बैंक के वित्तीय स्वास्थ्य को मापने का एक अनुपात है।
- लीवरेज अनुपात का उपयोग केंद्रीय मौद्रिक प्राधिकारियों द्वारा बैंकों की पूंजी पर्याप्तता सुनिश्चित करने के लिये और उस सीमा के निर्धारण के लिये, जहाँ तक कोई वित्तीय कंपनी अपने पूंजी आधार का लाभ उठा सकती है, एक साधन के रूप में किया जाता है।

40. निम्नलिखित में से कौन-सा/से संविधान की एकात्मक विशेषता है/हैं?

1. राज्यसभा भारतीय संघ के राज्यों का प्रतिनिधित्व करती है जबकि लोकसभा भारत के लोगों का समग्र रूप में प्रतिनिधित्व करती है।
2. संघ सूची में राज्य सूची से अधिक विषय होते हैं।
3. संविधान का अधिकांश हिस्सा संसद द्वारा संशोधित किया जा सकता है, या तो साधारण बहुमत से या विशेष बहुमत से।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** "राज्यसभा भारतीय संघ के राज्यों का प्रतिनिधित्व करती है जबकि लोकसभा समग्र रूप से भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करती है।" - यह संविधान की संघीय विशेषता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- **मज़बूत केंद्र:** संघ सूची में राज्य सूची से अधिक विषय शामिल हैं। दूसरा, अधिक महत्त्वपूर्ण विषयों को संघ सूची में शामिल किया गया है। तीसरा, केंद्र को समवर्ती सूची पर अधिभावी अधिकार (Overriding Authority) प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **संविधान का लचीलापन:** संविधान के अधिकांश भाग का संशोधन साधारण बहुमत अथवा विशेष बहुमत से संसद की एकतरफा कार्रवाई द्वारा किया जा सकता। इसके अलावा संविधान में संशोधन के पहल की शक्ति केंद्र के ही पास है। **अत: कथन 3 सही है।**

41. नासा का 'न्यू होराइज़ंस मिशन' निम्नलिखित में से किसका/किनका अध्ययन करेगा?

1. प्लूटो और उसके चंद्रमा का
2. कुइपर बेल्ट में मौजूद पदार्थ का
3. शनि और उसके चंद्रमा का

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या: न्यू होराइज़ंस**

- **प्रक्षेपण:** 19 जनवरी, 2006
- **प्लूटो फ्लाईबाई:** 14 जुलाई, 2015
- **अल्टिमा थुले फ्लाईबाई:** 1 जनवरी, 2019

- **उद्देश्य:** प्लूटो और इसके चंद्रमा तथा कुइपर बेल्ट में मौजूद पदार्थों का अध्ययन।

**अत: विकल्प (a) सही है।**

**कुइपर बेल्ट**

- कुइपर बेल्ट (या एडगेवर्थ- कुइपर बेल्ट) सौर प्रणाली का एक क्षेत्र है, जो आठ प्रमुख ग्रहों के आगे के क्षेत्र में स्थित है, जो नेप्च्यून ग्रह की कक्षा से (30 खगोलीय इकाई) से लेकर सूर्य की लगभग 50 खगोलीय इकाई तक फैला हुआ है। (1 खगोलीय इकाई (Astronomical Unit–AU) = पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी)
- यह क्षुद्रग्रह मेखला (बेल्ट) के समान है, इसमें कई छोटे पिंड शामिल होते हैं, जो सभी सौरमंडल निर्माण के अवशेष हैं।

42. निम्नलिखित में से किन राज्यों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम, 1958 लागू है?

1. असम
2. अरुणाचल प्रदेश
3. जम्मू और कश्मीर
4. नगालैंड

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम, 1958 निम्नलिखित राज्यों के अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों के सदस्यों को कुछ विशेष शक्तियाँ प्रदान करता है:

- **अरुणाचल प्रदेश**
- **असम**
- मणिपुर (इम्फाल के सात विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर)
- मेघालय (केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल, 2018 को मेघालय में इसे रद्द कर दिया)
- मिज़ोरम
- नगालैंड
- त्रिपुरा

जम्मू और कश्मीर में इसी तरह का परंतु एक पृथक् अधिनियम सशस्त्र बल (जम्मू और कश्मीर) विशेष शक्तियाँ अधिनियम, 1990 है।

**अत: विकल्प (c) सही है।**

43. वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की जाती है?

a. भारतीय रिज़र्व बैंक
b. वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
c. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड
d. नीति आयोग

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफ.एस.आर.) जारी कर दी है। प्रति छह माह में एफ.एस.आर. का प्रकाशन किया जाता है।

- एफ.एस.आर. में समष्टिगत आर्थिक माहौल, वित्तीय संस्थानों, बाज़ारों और बुनियादी ढाँचे पर पड़ने वाले जोखिमों की प्रकृति, परिमाणों तथा प्रभावों की आवधिक समीक्षा की जाती है।
- उपरोक्त रिपोर्ट दबाव परीक्षणों के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र के लचीलेपन का भी आकलन करती है।
- दबाव परीक्षणों का उपयोग यह पता लगाने के लिये किया जाता है कि कैसे कुछ प्रतिकूल आर्थिक परिदृश्य, जैसे कि एक गंभीर मंदी या वित्तीय संकट किसी कंपनी, उद्योग या विशिष्ट पोर्टफोलियो को प्रभावित करेगा।

- दबाव परीक्षण आमतौर पर कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न किये गए अनुकरणीय मॉडल होते हैं, जो काल्पनिक परिदृश्यों का परीक्षण करते हैं।

**18वीं एफ.एस.आर. रिपोर्ट का निष्कर्ष:**

- वैश्विक आर्थिक वातावरण और वित्तीय क्षेत्र में उभरती हुई चुनौतियों के बावजूद भारत की वित्तीय प्रणाली स्थिर बनी हुई है और बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के संकेत मिल रहे हैं।
- इन सकारात्मक संकेतों के कारणों में बैंकों की परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ बैंक साख वृद्धि भी शामिल है।
- मार्च 2018 और सितंबर 2018 के बीच अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एस.सी.बी.) की साख वृद्धि में सुधार हुआ है। ऐसा मुख्यत: निजी क्षेत्र के बैंकों में हुई साख वृद्धि से संभव हुआ है।
- वर्ष 2018 और 2019 के लिये वैश्विक संवृद्धि का दृष्टिकोण स्थिर बना हुआ है, हालाँकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की संकुचित वित्तीय दशाओं, संरक्षणवादी व्यापार नीतियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के कारण उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के लिये जोखिम बढ़ गया है।
- घरेलू स्तर पर वर्ष 2018-19 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में मामूली गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मुद्रास्फीति नियंत्रण में है। वर्तमान में मुद्रास्फीति 2% है, जो कि 2% से 6% की औसत सीमा के अंतर्गत है।
- सकल घरेलू उत्पाद में विकास दर 7.1% रही, परंतु कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वृद्धि हुई है, जो भविष्य में होने वाली सतत् वृद्धि के लिये एक सकारात्मक संकेत है।

44. हाल ही में समाचारों में रहा 'परिवेश' पोर्टल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

    a. पर्यावरण संबंधी मंज़ूरी से
    b. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से
    c. आगमन पर वीज़ा से
    d. ऑनलाइन टिकट बुकिंग से

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या: परिवेश पोर्टल**

- परिवेश अर्थात् अंत: क्रियात्मक, विशुद्ध और पर्यावरणीय एकल- खिड़की केंद्र द्वारा अतिसक्रिय एवं अनुक्रियाशील सुविधा (Pro-Active and Responsive Facilitation by Interactive, Virtuous and Environmental Single-window Hub–PARIVESH)।
- परिवेश एक वेब-आधारित एप्लीकेशन है, जो केंद्र, राज्य अथवा ज़िला स्तरीय प्राधिकारियों से पर्यावरण, वन, वन्यजीव और तटीय विनियमन क्षेत्र (सी.आर.ज़ेड.) में अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदकों द्वारा प्रस्तावों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण एवं निगरानी हेतु विकसित किया गया है।
- नए प्रस्तावों को जमा करने, प्रस्तावों के विवरण को संपादित/ अद्यतन करने और कार्य-प्रवाह के प्रत्येक चरण में प्रस्तावों की स्थिति प्रदर्शित करने सहित यह प्रस्तावों की संपूर्ण निगरानी का स्वचालन करता है।
- यह पोर्टल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 'डिजिटल इंडिया' पहल के तहत विकसित किया गया है।

**अत: विकल्प (a) सही है।**

45. हाल ही में आर.बी.आई. ने यू.के. सिन्हा समिति का गठन किया, यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

a. विमुद्रीकरण से
b. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों से
c. धन शोधन से
d. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) ने सेबी के पूर्व अध्यक्ष यू.के. सिन्हा की अगुवाई में आठ सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है, जिसका मुख्य कार्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) के कार्य-निष्पादन पर प्रभाव डालने वाली संरचनात्मक बाधाओं और घटकों का पता लगाना एवं इन्हें भली-भाँति समझना है।

- पैनल एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के लिये दीर्घकालिक समाधान का सुझाव देगा।
- हाल ही में आर.बी.आई. ने एम.एस.एम.ई. के लिये मौजूदा 25 करोड़ रुपए तक के ऋण की एक बारगी पुनर्संरचना की अनुमति दी है।
- सरकार ने एम.एस.एम.ई. के संपूर्ण विकास के लिये एक स्थायी पारितंत्र का सृजन करने के उद्देश्य से निर्यात संवर्द्धन सेल (ई.पी.सी.) की भी स्थापना की है।

**समिति के विचारणीय विषय (Terms of Reference–TOR)**

- एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की सहायता करने हेतु वर्तमान संस्थागत ढाँचे की समीक्षा करना।
- उपरोक्त क्षेत्र में मौजूदा आर्थिक सुधारों के प्रभाव का अध्ययन करना तथा इसके विकास को अवरुद्ध करने वाली संरचनात्मक समस्याओं की पहचान करना।
- उपरोक्त क्षेत्र को समय पर वित्त की पर्याप्त उपलब्धता को प्रभावित करने वाले घटकों की जाँच करना।
- एम.एस.एम.ई. हेतु उत्कृष्ट वैश्विक प्रणालियों का अध्ययन करना और भारत में जहाँ कहीं भी उपयुक्त हो इन्हें अपनाने हेतु सिफारिश करना।
- एम.एस.एम.ई. केंद्रित मौजूदा नीतियों और इसके प्रभावों की समीक्षा करना।
- इस क्षेत्र के विकास में तीव्रता लाने हेतु प्रौद्योगिकी को प्रभावी बनाने संबंधी उपायों का प्रस्ताव रखना।
- एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के लिये दीर्घकालिक सुझाव देना।
- विशेषज्ञ समिति ने अपना प्रतिवेदन जून 2019 में प्रस्तुत किया।

**अत: विकल्प (d) सही है।**

46. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?

a. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
b. प्रकृति संरक्षण हेतु विश्वव्यापी कोष
c. ऊर्जा और संसाधन संस्थान
d. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सी.सी.पी.आई.)

- जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक का प्रकाशन जर्मन वॉच, जलवायु एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल और न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट द्वारा किया जाता है।
- अच्छी रैंकिंग हेतु पर्याप्त प्रयासों की कमी के कारण 2019 के सूचकांक में शीर्ष तीन स्थानों पर जगह पाने में कोई भी देश सफल नहीं रहा है। हालाँकि

स्वीडन रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है तथा उसके बाद मोरक्को और लिथुआनिया का स्थान है।

- मानकीकृत मानदंडों के आधार पर सूचकांक 56 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन का मूल्यांकन और इनकी तुलना करता है।
- रैंकिंग परिणामों को चार श्रेणियों के तहत विभाजित 14 संकेतकों पर एक देश के समग्र प्रदर्शन के आधार पर परिभाषित किया जाता है।
    - इन चार श्रेणियों में 'ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन', 'नवीकरणीय ऊर्जा, 'ऊर्जा उपयोग' व 'जलवायु नीति' शामिल है।
- सी.सी.पी.आई. एक ऐसा साधन है, जिसका निर्माण अंतर्राष्ट्रीय जलवायु राजनीति में पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।
- भारत का स्कोर 62.93 है और यह समग्र सूचकांक में 11वें स्थान पर है।
- भारत ने अक्षय ऊर्जा श्रेणी में पिछले वर्ष की तुलना में 3 स्थानों पर अपने प्रदर्शन में सुधार किया है, जिसमें वह मध्यम प्रदर्शन करने वाले देशों के समूह में शामिल हो गया है।

**अत: विकल्प (d) सही है।**

47. वित्तीय कार्रवाई कार्यबल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना विश्व बैंक समूह द्वारा की गई है।
2. इसका अधिदेश आतंकी वित्तपोषण तथा धन शोधन पर अंकुश लगाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** वित्तीय कार्यवाही कार्य-बल

- वित्तीय कार्यवाही कार्य-बल (एफ.ए.टी.एफ.) की स्थापना जुलाई 1989 में पेरिस में सात देशों के समूह (जी-7) शिखर सम्मेलन द्वारा की गई थी। प्रारंभ में इसका कार्य धन शोधन से निपटने के उपायों को विकसित करना एवं जाँचना था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अक्तूबर 2001 में एफ.ए.टी.एफ. ने धन शोधन के अलावा आतंकवादी-वित्तपोषण से निपटने के प्रयासों को शामिल करने के लिये अपने जनादेश का विस्तार किया।
- इसका उद्देश्य मानकों को निर्धारित करना और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता से संबंधित संकटों, जैसे- धन शोधन करना, आतंकवादी वित्तपोषण और अन्य से निपटने के लिये कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वित्तीय कार्यवाही कार्य-बल (एफ.ए.टी.एफ.) द्वारा कई सिफारिशें की गईं, जिन्हें धन-शोधन और आतंकवादी गतिविधियों हेतु वित्तपोषण तथा विनाशकारी हथियारों के प्रसरण से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मानक के रूप में मान्यता दी गई है।
- एफ.ए.टी.एफ. आवश्यक उपायों के कार्यान्वयन, धन-शोधन और आतंकवादी गतिविधियों हेतु वित्तपोषण तकनीकों तथा जवाबी उपायों की समीक्षा करने में अपने सदस्यों की

प्रगति की निगरानी करता है और यह विश्व स्तर पर उपयुक्त उपायों को अपनाने एवं लागू करने को बढ़ावा देता है।

- वित्तीय कार्यवाही कार्य-बल (एफ.ए.टी.एफ.) की निर्णय लेने वाली निकाय कार्यवाही की बैठक एक वर्ष में तीन बार होती है।
- एफ.ए.टी.एफ. में 38 सदस्य हैं। भारत 35 अन्य देशों और 2 क्षेत्रीय संगठनों (यूरोपीय आयोग और खाड़ी सहयोग परिषद) सहित इसका सदस्य है।

48. हाल ही में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश एवं रोज़गार के लिये आरक्षण प्रदान करने हेतु 124वाँ संविधान संशोधन अधिनियम पारित किया गया। इस अधिनियम द्वारा संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेदों में संशोधन किया गया?

1. अनुच्छेद 14
2. अनुच्छेद 15
3. अनुच्छेद 16
4. अनुच्छेद 19

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** 124वें संविधान संशोधन विधेयक का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिये सरकारी नौकरियों तथा उच्च शिक्षा में आरक्षण प्रदान करना है।

- संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में खंड (6) को समाविष्ट करते हुए रोज़गार और शिक्षा में आर्थिक आरक्षण प्रदान किये जाने का प्रस्ताव रखा गया है।

**संशोधन विधेयक के प्रावधान**

- **अनुच्छेद 15 में संशोधन:** यह खंड राज्य को शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान करने तथा आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान करने में सक्षम बनाता है।
    - इसमें यह उल्लेख किया गया है कि निजी संस्थानों सहित किसी भी शैक्षणिक संस्थान में इस तरह के आरक्षण किये जा सकते हैं, चाहे वह सहायता प्राप्त हो अथवा नहीं। केवल अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को छोड़कर, जो अनुच्छेद 30 (1) के तहत आते हैं।
    - इसमें आगे कहा गया है कि आरक्षण की अधिकतम सीमा 10% होगी, जो मौजूदा आरक्षण के अतिरिक्त होगी।
- **अनुच्छेद 16 में संशोधन:** प्रस्तावित अनुच्छेद 16 (6) राज्य को मौजूदा आरक्षणों के अतिरिक्त अधिकतम 10% के अधीन नियुक्तियों में आरक्षण का प्रावधान करने में सक्षम बनाता है।
- **'आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों' की परिभाषा:** अनुच्छेद 15 और 16 के प्रयोजनों के लिये राज्य द्वारा समय-समय पर परिवार की आय और आर्थिक पिछड़ेपन के अन्य संकेतकों के आधार पर इस तरह के वर्गों को अधिसूचित किया जाएगा। यह वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पहले से निर्दिष्ट पिछड़े वर्गों से पृथक् होगा।

**अत: विकल्प (b) सही है।**

49. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जी.ई.ए.सी.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है।
    2. यह देश में जोखिमपूर्ण सूक्ष्म जीवों या आनुवंशिक रूप से निर्मित जीवों एवं कोशिकाओं के निर्माण, प्रयोग, आयात, निर्यात तथा भंडारण को नियंत्रित करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** आनुवंशिक अभियांत्रिकी मूल्यांकन समिति (जी.ई.ए.सी.)

- आनुवंशिक अभियांत्रिकी मूल्यांकन समिति (जी.ई.ए.सी.) भारत में शीर्ष बायोटेक नियामक है। यह समिति पर्यावरण और वन मंत्रालय के पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत एक सांविधिक निकाय के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जी.ई.ए.सी. देश में खतरनाक सूक्ष्म जीवों या आनुवंशिक रूप से निर्मित जीवों और कोशिकाओं के निर्माण, उपयोग, आयात, निर्यात एवं भंडारण को नियंत्रित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जी.ई.ए.सी. की अध्यक्षता पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव/ अपर सचिव द्वारा की जाती है तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डी.बी.टी.) के एक प्रतिनिधि द्वारा इसकी सह-अध्यक्षता की जाती है। वर्तमान में इसके 24 सदस्य हैं और उपरोक्तानुसार, इन क्षेत्रों में अनुप्रयोगों की समीक्षा करने के लिये प्रत्येक माह एक बैठक होती है।

**जी.एम.ओ. के लिये अन्य नियामक एजेंसियाँ**

- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अनुसार
- छह सक्षम प्राधिकारियों और उनकी संरचना को इन नियमों के तहत अधिसूचित किया गया है जिसमें शामिल हैं:
    - आर.डी.एन.ए. सलाहकार समिति (आर.डी.ए.सी.)
    - संस्थागत जैव सुरक्षा समिति (आई.बी.एस.सी.)
    - आनुवंशिक परिचालन पर समीक्षा समिति (आर.सी.जी.एम.)
    - जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जी.ई.ए.सी.)
    - राज्य जैव प्रौद्योगिकी समन्वय समिति (एस.बी.सी.सी.)
- ज़िला स्तरीय समिति (डी.एल.सी.)
- आर.डी.ए.सी. का कार्य सलाहकारी है, जबकि आई.बी.एस.सी., आर.सी.जी.एम. और जी.ई.ए.सी. कार्यों को विनियमित करने के लिये उत्तरदायी हैं। एस.बी.सी.सी. और डी.एल.सी. का मुख्य कार्य निगरानी करना है।

50. भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जिस व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही शुरू की गई है, उसे संबंधित न्यायालय में पेश होने के लिये छह माह का समय दिया जाता है।
2. इसमें ऐसे मामलों को शामिल किया जाता है जिनमें न्यूनतम 50 करोड़ रुपए की धनराशि शामिल होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसके विरुद्ध प्रस्तावित विधेयक की अनुसूची में सूचीबद्ध किसी भी अपराध के लिये गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

- इसके अलावा, वह व्यक्ति:
  - अभियोजन पक्ष का सामना करने से बचने के लिये देश छोड़ चुका हो।
  - अभियोजन पक्ष का सामना करने के लिये वापस आने से इनकार करता है।
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 उन आर्थिक अपराधियों की संपत्तियों को ज़ब्त करने का प्रावधान करता है, जिन्होंने आपराधिक मुकदमे से बचने के लिये देश छोड़ दिया है।
- 100 करोड़ रुपए अथवा इससे अधिक धनराशि के गबन के अपराध इस कानून के दायरे में आते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**विधेयक की मुख्य विशेषताएँ**

- किसी व्यक्ति को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के लिये विशेष न्यायालय में एक आवेदन दायर करना होगा (धन शोधन-निवारण अधिनियम, 2002 के तहत निर्दिष्ट) जिसमें ज़ब्त की जाने वाली संपत्तियों का विवरण और व्यक्ति के ठहरने के स्थान के बारे में जानकारी होगी।
- विशेष अदालत के निर्देशानुसार नोटिस जारी होने के छह सप्ताह के अंदर उस व्यक्ति को निर्दिष्ट स्थान पर उपस्थित होना होगा। यदि वह व्यक्ति उपस्थित हो जाता है, तो कार्यवाही समाप्त कर दी जाएगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी की संपत्ति की ज़ब्ती।
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी के रूप में घोषित व्यक्ति की वह संपत्ति, जो आपराधिक गतिविधियों से सृजित की गई है, को ज़ब्त करना।
- बेनामी संपत्ति सहित भारत और विदेशों में ऐसे अपराधी से संबंधित अन्य संपत्ति की ज़ब्ती।
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी को किसी भी नागरिक दावे के प्रत्युत्तर से वंचित करना।
- प्रस्तावित कानून के तहत सभी मामलों को धन-शोधन निवारण (पी.एम.एल.ए.) अधिनियम के तहत निबटाने की कोशिश की जाएगी और प्रशासक, ऋणदाताओं को भुगतान करने के लिये भगोड़े व्यक्ति की संपत्ति बेच देगा।

51. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत इंडिया रैंकिंग्स 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के तहत इंडिया रैंकिंग्स 2020 हाल ही में नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया था।

2. NIRF का उद्देश्य संस्थानों को एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्द्धा के लिये प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके विकास की दिशा में कार्य करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** हाल ही में **मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) द्वारा** राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत जारी 'इंडिया रैंकिंग्स 2020' (India Rankings 2020) जारी किया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- NIRF का उद्देश्य संस्थानों को एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्द्धा के लिये प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनके विकास की दिशा में कार्य करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसके अलावा, यह रैंकिंग भारत में उच्च शिक्षा के विकास के लिये 'स्टडी इन इंडिया' कार्यक्रम के लिए एक ठोस आधार प्रदान विदेशी छात्रों को भी आकर्षित करती है।

52. लोनार झील के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह हिमालय में स्थित है।
2. उत्पत्ति की दृष्टि से यह एक वातोढ़ झील है।
3. यह एक अधिसूचित राष्ट्रीय भू-विरासत स्मारक है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 3
b. केवल 1 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** लोनार झील महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के लोनार में स्थित एक क्रेटर झील (Crater-Lake) है। **अतः कथन 1 और 2 सही नहीं हैं।**

- यह एक अधिसूचित राष्ट्रीय भू-विरासत स्मारक (National Geo-heritage Monument) तथा लोकप्रिय पर्यटक केंद्र भी है। **अतः कथन 3 सही है।**

53. भारतीय गौर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. यह नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व से संबंधित एक स्थानिक प्रजाति है।
2. IUCN रेड लिस्ट के तहत लुप्तप्राय प्रजाति होने के कारण, भारतीय गौर को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-I के अंतर्गत रखा गया है।


उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भारतीय गौर जंगली मवेशियों या विलुप्त गोजातीय परिवार में सबसे बड़ा और सबसे ऊँचा पशु है। यह मूल रूप से दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाता हैहै। इसलिये यह एक स्थानिक प्रजाति नहीं है। अतः **कथन 1 सही नहीं है।**

**भारतीय गौर की भौगौलिक उपस्थिति**




- यद्यपि भारतीय गौर को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची I में शामिल किया गया है लेकिन IUCN ने भारतीय बाइसन को सुभेद्य (Vulnerable) के रूप में सूचीबद्ध किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:
   1. संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका केवल मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के मामले में दायर की जा सकती है।
   2. आरक्षण का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 के तहत एक मौलिक अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** सर्वोच्च न्यायालय को अनुच्छेद 32 तथा उच्च न्यायालय को अनुच्छेद 226 के तहत रिट अधिकारिता प्रदान की गई है। इन अनुच्छेदों के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus), परमादेश (Mandamus), प्रतिषेध (Prohibition), उत्प्रेषण ( Certiorari) और अधिकार-प्रच्छा (Quo-Warranto) आदि रिट जारी की जा सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने यह माना है कि आरक्षण एक मौलिक अधिकार नहीं है।
  - मौलिक अधिकारों को छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार।
  - इनका उल्लेख भारतीय संविधान के भाग-III (अनुच्छेद 12 से 35) में किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

55. हाल ही में समाचारों में रहा 'IFLOWS-Mumbai' किससे संबंधित है?

a. कोविड रोगियों का पता लगाने वाले एक एप से
b. ड्रोन के लिये विमानन दिशा-निर्देश से
c. भूजल संभरण की प्रक्रिया से
d. बाढ़ चेतावनी प्रणाली से

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** हाल ही में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा मुंबई शहर में बाढ़ की तीव्रता को कम करने के लिये अत्याधुनिक एकीकृत बाढ़ चेतावनी प्रणाली 'आईफ्लोस-मुंबई' (iFLOWS-Mumbai) को विकसित किया गया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

- इस चेतावनी प्रणाली में मुंबई शहर की बाढ़ प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिये विशेष रूप से अधिक वर्षा की घटनाओं एवं चक्रवातों के दौरान मुंबई के लिये प्रारंभिक चेतावनी का प्रावधान किया गया है।
- 'आईफ्लोस-मुंबई' को एक मॉड्यूलर संरचना पर बनाया गया है। इसमें डेटा

एसिमिलेशन (Data Assimilation), बाढ़, जलप्लावन (Inundation), भेद्यता (Vulnerability), जोखिम, प्रसार मॉड्यूल (Dissemination Module) और निर्णय सहायक तंत्र (Decision Support System) जैसे सात मॉड्यूल हैं।

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण में अनुसंधान के लिये समर्पित है।
2. भारत का सैन्य खर्च अमेरिका और चीन की तुलना में अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या: स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI)** संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण में अनुसंधान के लिये समर्पित एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है। **अतः कथन 1 सही है।**

- SIPRI "ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर" नामक वार्षिक रिपोर्ट जारी करता है और वर्ष 2019 के लिये जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत सर्वाधिक सैन्य खर्च वाले तीन देशों में शामिल था।
  - वर्ष 2019 में, सैन्य व्यय वाले शीर्ष पाँच देशों- यू.एस., चीन, भारत, रूस और सऊदी अरब- ने कुल वैश्विक सैन्य खर्च में 62% योगदान दिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

57. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक है जो मुख्य रूप से संप्रभु राज्यों के बीच विवादों की सुनवाई करता है।
2. यह अन्यथा नरसंहार, युद्ध अपराध आदि जैसे अदंडित अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिये अंतिम उपाय के न्यायालय के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC), हेग (नीदरलैंड्स) में स्थित एक स्थायी न्यायिक निकाय है, जिसका सृजन वर्ष 1998 के अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय पर रोम संविधि (इसकी स्थापना और संचालन संबंधी दस्तावेज़) द्वारा किया गया था और 1 जुलाई, 2002 इस संविधि के लागू होने के साथ इसने कार्य करना प्रारंभ किया।

- उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice-ICJ) संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का हिस्सा है जबकि ICC संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का हिस्सा नहीं है बल्कि UN-ICC संबंध एक अलग समझौते द्वारा शासित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मंच की स्थापना विभिन्न अपराधों के खिलाफ अभियोजन के लिये अंतिम उपाय के रूप में की गई थी ताकि उन अपराधों के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके जो अन्यथा अदंडित रह जाएंगे। ICC का क्षेत्राधिकार मुख्यतः चार प्रकार के अपराधों पर होगाः
  1. **नरसंहार (Genocide)**
  2. मानवता के खिलाफ अपराध (Crimes Against Humanity)

3. **युद्ध अपराध (War Crimes)**
4. अतिक्रमण का अपराध (Crime of Aggression)

**अतः कथन 2 सही है।**

58. ताल-मद्दले निम्नलिखित में से किस पारंपरिक कला का एक प्रकार है?
    a. जात्रा
    b. ओट्टंथुल्लल
    c. यक्षगान
    d. तेरुकुत्तु

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** ताल मद्दले, में कलाकार किसी भी वेशभूषा में मंच पर एक स्थान पर बैठ कर चुने गए कथानक के आधार पर अपनी वाक् कला का प्रदर्शन करता है।

- यह **यक्षगान का एक पारंपरिक कला रूप** तो है लेकिन इसमें नृत्य या विशेष वेशभूषा के बिना शब्द बोले जाते हैं। जबकि, यक्षगान में प्रदर्शन के दौरान कलाकार को विशेष वेशभूषा धारण करनी होती है तथा नृत्य अभिनय का प्रदर्शन करना होता है। **अतः विकल्प (c) सही है।**
- कला का यह रूप दक्षिण भारत के कर्नाटक तथा केरल के करावली एवं मलनाड क्षेत्रों में प्रचलित है।

59. इंडियन गैस एक्सचेंज (IGX) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक डिजिटल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है जो खरीदारों और प्राकृतिक गैस के विक्रेताओं को स्पॉट मार्केट और फॉरवर्ड मार्केट दोनों में व्यापार करने की सुविधा प्रदान करता है।
    2. इस गैस एक्सचेंज में घरेलू रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस की बिक्री की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** भारत ने **इंडियन गैस एक्सचेंज (IGX)** नाम से पाना पहला गैस एक्सचेंज लॉन्च किया है।

- यह एक डिजिटल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है जो तीन प्रमुख केंद्रों (Hubs)- गुजरात के दाहेज, हजीरा और आंध्र प्रदेश के ओडुरु-काकीनाड़ा, के माध्यम से खरीदारों और प्राकृतिक गैस के विक्रेताओं को स्पॉट मार्केट और फॉरवर्ड मार्केट दोनों में व्यापार करने की सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके माध्यम से सिर्फ बाहर से आयातित अर्थात अन्य देशों से आयातित प्राकृतिक गैस की ही खरीदी एवं बिक्री की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत सरकार द्वारा तय की जाती है जिसे 'इंडियन गैस एक्सचेंज' पर नहीं बेचा जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

60. 'गेटवे लूनर ऑर्बिट आउटपोस्ट' के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक अंतरिक्षयान है जो वर्ष 2026 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) को प्रतिस्थापित करेगा।
    2. नासा इस परियोजना का नेतृत्त्व इसरो के सहयोग से कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: d**

**व्याख्या: गेटवे लूनर ऑर्बिट** एक छोटा सा अंतरिक्ष यान है जो **चंद्रमा की परिक्रमा** करेगा जिसे पहले चंद्रमा पर भेजे जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के लिये और बाद में मंगल ग्रह के अभियानों के लिये प्रयोग में लाया जाएगा।

  - यह एक अस्थायी कार्यालय तथा अंतरिक्ष यात्रियों के लिये रहने योग्य क्वार्टर (कमरे) के रूप में कार्य करेगा जो पृथ्वी से **लगभग 250,000 मील की दूरी पर** अवस्थित होगा। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) को प्रतिस्थापित नहीं करेगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस अंतरिक्ष यान में विज्ञान एवं अनुसंधान के लिये प्रयोगशालाएँ, रहने योग्य क्वार्टर आदि की सुविधाएँ होंगी।
- इस गेटवे की सबसे अनूठी विशेषताओं में से एक यह है कि इसे और अधिक शोध करने के लिये चंद्रमा के आसपास अन्य कक्षाओं में भी ले जाया जा सकता है।
- आशा व्यक्त की जा रही है कि यह नासा के आर्टेमिस मिशन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- यद्यपि इस परियोजना का नेतृत्व NASA द्वारा किया जा रहा है लेकिन इसके गेटवे को वाणिज्यिक और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों, कनाडा (कैनेडियन स्पेस एजेंसी), यूरोप (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) और जापान (JAXA) के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

61. एक्सोन जोकि नगालैंड का एक लोकप्रिय भोज्य पदार्थ है किससे मिलकर बना होता है?

a. चावल
b. गेहूँ
c. मक्का
d. सोयाबीन

**उत्तर (d)**

**व्याख्या:** हाल ही में मेलबोर्न के मानवविज्ञानी (Melbourne Anthropologist), जो वर्तमान में किण्वन पर अपना शोधकार्य कर रहे हैं, के द्वारा पूर्वोत्तर भारत में खाद्य पदार्थ के रूप में प्रयोग किये जाने वाले एक्सोन (Axone) की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया है।

- एक्सोन को पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में कई आदिवासी समुदायों द्वारा अलग-अलग नामों से पकाया, खाया और जाना जाता है।
- नगालैंड के कुछ हिस्सों में इसे अकुनि (Akhuni) के नाम से जाना जाता है। इसे किण्वित सोयाबीन (Fermented Soyabean) के रूप में भी जाना जाता है। इसकी मुख्य विशेषता इसकी विशिष्ट गंध (Distinctive Smell) है, जिसे आदिवासी पहचान एवं संस्कृति के साथ जोड़कर देखा जाता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**
- एक्सोन का उपयोग अचार और चटनी बनाने के साथ-साथ सूअर का मांस, मछली, चिकन, बीफ इत्यादि की करी को स्वादिष्ट बनाने के लिये किया जाता है।
- एक्सोन नगालैंड में सूमी (Sumi) जनजाति जिसे सेमा (Sema) भी कहा जाता है, के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है।

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पृथ्वी के वायुमंडल में ऑक्सीजन की उत्पत्ति सायनोबैक्टीरिया द्वारा आर्कियन और प्रोटरोज़ोइक युग के दौरान हुई थी।

2. स्ट्रोमेटोलाइट उथले समुद्री जल में ऐसी संरचनाएँ हैं जहाँ साइनोबैक्टीरिया रहते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** सायनोबैक्टीरिया **जलीय और प्रकाश संश्लेषक** होते हैं, अर्थात् वे जल में रहते हैं तथा अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं। चूँकि ये बैक्टीरिया हैं इसलिये आकार में **बहुत छोटे और आमतौर पर एककोशिकीय** होते हैं लेकिन ये प्रायः बड़ी कालोनियों में वृद्धि करते हैं।

- इन्हें 3.5 अरब वर्ष से अधिक यानि सबसे पुराने जीवाश्म होने का गौरव प्राप्त है।
- वातावरण में ऑक्सीजन, जिस पर हम निर्भर हैं, की उत्पत्ति आर्कियन और प्रोटेरोज़ोइक युग (4.6 बिलियन से 541 मिलियन वर्ष पूर्व) के दौरान कई साइनोबैक्टीरिया द्वारा हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**

- प्रारंभिक पृथ्वी के वातावरण में ऑक्सीजन की कमी थी। इसमें परिवर्तन ग्रेट ऑक्सिडेशन इवेंट (GOE) के के दौरान शुरू हुआ।
  - यह रासायनिक परिवर्तनों की एक श्रृंखला को संदर्भित करता है जिसका अवलोकन भूवैज्ञानिकों और भू-रसायनज्ञों द्वारा 2.5 से 2.3 बिलियन वर्ष पुरानी चट्टानों में किया गया है।
  - ये परिवर्तन प्राचीन सायनोबैक्टीरिया (नीली-हरी शैवाल) द्वारा निर्मुक्त ऑक्सीजन का परिणाम थे। इस बैक्टीरिया के समुदाय उथले समुद्री जल में निवास करते थे और स्ट्रोमेटोलाइट्स नामक संरचनाओं के रूप में चट्टानों में संरक्षित थे। **अतः कथन 2 सही है।**

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. घड़ियाल केवल हिमालयी नदी तंत्र के ताज़े जल में पाए जाते हैं।
2. घड़ियालों की आबादी नदी के जल की स्वच्छता का अच्छा संकेतक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: b**

**व्याख्या:** घड़ियाल, जिन्हें कभी-कभी गैवियल्स कहा जाता है, एक प्रकार के एशियाई मगरमच्छ होते हैं जिनकी विशेषता लंबे और पतले थुथने/नाक के आगे को उभड़ा हुआ भाग (Snout) के लिये जाने जाते हैं जिसका आकार घड़े के समान होता है।

- घड़ियाल मुख्य रूप से हिमालयी नदियों के ताज़े जल में पाए जाते हैं।
  - विंध्य पर्वत (मध्य प्रदेश) के उत्तरी ढलानों में चंबल नदी को घड़ियालों के प्राथमिक आवास के रूप में जाना जाता है।
  - घाघरा, गंडक, गिरवा, रामगंगा तथा सोन आदि घड़ियाल के द्वितीयक आवास हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- घड़ियालों की आबादी नदी के जल की स्वच्छता का अच्छा संकेतक है। आवासों की क्षति, प्रदूषण तथा शिकार में वृद्धि आदि ताज़े जल की प्रजातियों के लिये

खतरा उत्पन्न करते हैं। घड़ियाल को अपेक्षाकृत हानिरहित, मछली खाने वाली प्रजाति के रूप में जाना जाता है।

- भारत की चंबल और घाघरा नदियाँ देश की सबसे स्वच्छ नदियों में से एक हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

64. एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जो केवल एशियाई देशों में परियोजनाओं का निधियन करता है।
2. चीन और जापान के बाद भारत, AIIB में तीसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका उद्देश्य एशिया में सामाजिक और आर्थिक परिणामों को बेहतर बनाना है।

- लेकिन इसने एशिया से बाहर भी कुछ परियोजनाओं का निधियन किया है उदाहरण के लिये- वर्ष 2017 और 2018 में इसने मिस्र (अफ्रीकी देश) में कुछ परियोजनाओं का वित्तीयन किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- 26.61 % वोटिंग शेयरों के साथ **चीन इसका सबसे बड़ा शेयरधारक** है। इसके बाद क्रमशः भारत (7.6%), रूस (6.01%) और जर्मनी (4.2%) का स्थान आता है।
  - इस बैंक में क्षेत्रीय सदस्यों (मुख्य रूप से एशियाई देश) की हिस्सेदारी कुल वोटिंग का 75% है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

65. ओल्म (Olm) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओल्म को "बेबी ड्रैगन" और "मानव मछली" के रूप में भी जाना जाता है।
2. ये बड़े भूमिगत जलीय कार्स्ट क्षेत्र में में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** ओल्म (Olms) गुलाबी ईल जैसे जीव पूरी तरह से अंधे होते हैं और अक्सर अपने लंबे पतले शरीर एवं चार पैरों के कारण उन्हें 'मानव मछली' (Human Fish) कहा जाता है। इन्हें 'बेबी ड्रैगन' (Baby Dragon) के नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- ओलम्स (Olms) विशेष रूप से दक्षिणी यूरोपीय कार्स्ट क्षेत्र में अंधेरी गुफाओं के जल में पाए जाते हैं। ये लंबाई में एक फुट तक बढ़ सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन्हें IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी में रखा गया है।

Q.66 भारत में भूकंप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्षेत्र के भूकंपीय और विवर्तनिक व्यवस्था से संबंधित वैज्ञानिक आदानों के आधार पर भारत में पाँच भूकंपीय ज़ोन हैं।
2. रिक्टर स्केल परिघटना के कारण होने वाली केवल दृश्य क्षति की माप करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:** भूकंपीयता से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी, अतीत में आए भूकंप तथा विवर्तनिक व्यवस्था के आधार भारत को चार 'भूकंपीय ज़ोनों' में (II, III, IV और V) वर्गीकृत किया गया हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- ◦ उल्लेखनीय है पूर्व भूकंप क्षेत्रों को, उनकी गंभीरता के आधार पर पाँच ज़ोनों में विभाजित किया गया था, लेकिन 'भारतीय मानक ब्यूरो' ( Bureau of Indian Standards- BIS) ने प्रथम 2 ज़ोनों का एकीकरण करके देश को चार भूकंपीय ज़ोनों में बाँटा गया है।
- भूकंप की घटनाओं को उनके परिमाण तथा उनकी तीव्रता के आधार पर मापा जाता है:
    - **परिमाण पैमाने (Magnitude scale)** को रिक्टर पैमाने के रूप में भी जाना जाता है। यह भूकंप के दौरान उत्पन्न ऊर्जा के मापन से संबंधित है। इसे 0-10 तक पूर्ण संख्या में व्यक्त किया जाता है। हालाँकि 2 से कम तथा 10 से अधिक रिक्टर तीव्रता के भूकंप का मापन सामान्यतः संभव नहीं है।
    - **मरकली पैमाने (Mercalli Scale)** को तीव्रता पैमाने (Intensity Scale) के रूप में भी जाना जाता है। यह घटना के कारण होने ववाली दृश्य क्षति का मापन करता है। इसकी परास 1-12 तक होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

67. निम्नलिखित में से किस प्रकार के सूर्यग्रहण को "रिंग ऑफ फायर" ग्रहण के रूप में भी जाना जाता है?

a. आंशिक सूर्यग्रहण
b. पूर्ण सूर्यग्रहण
c. वलयाकार सूर्यग्रहण
d. हाइब्रिड सूर्यग्रहण

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** वलयाकार सूर्य ग्रहण (Annular Solar Eclipse) की स्थिति तब बनती है जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है तथा इसका आकार छोटा दिखाई देता है।

- इस दौरान चंद्रमा, सूर्य को पूरी तरह से ढक नहीं पाता है, और सूर्य **एक अग्नि वलय (Ring of Fire)** की भाँति प्रतीत होता है।
- इस दौरान चंद्रमा तथा पृथ्वी के बीच की दूरी भी बहुत अधिक होनी चाहिये जिसके कारण चंद्रमा सूर्य को इस प्रकार से ढकता है कि सूर्य का केवल मध्य भाग ही उसके छाया क्षेत्र में आता है। इस स्थिति में सूर्य का बाहरी क्षेत्र प्रकाशित होने के कारण रिंग ऑफ फायर दृश्यमान होता है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

68. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने हाल ही में "सत्यभामा" पोर्टल लॉन्च किया है?

a. खान मंत्रालय
b. नागरिक उड्डयन मंत्रालय
c. कोयला मंत्रालय
d. कृषि मंत्रालय

**उत्तर. (a)**

**व्याख्या:** खान मंत्रालय ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के उद्देश्य को पूरा करने के लिये 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रोग्राम स्कीम' के तहत

सत्यभामा (SATYABHAMA) पोर्टल लॉन्च किया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- सत्यभामा (SATYABHAMA) का पूर्ण रूप 'Science And Technology Yojana for Aatmanirbhar Bharat in Mining Advancement' (खनन उन्नति में आत्मनिर्भर भारत के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी योजना) है।
- इस पोर्टल का डिज़ाइन, विकास एवं कार्यान्वयन माइंस इंफॉर्मेटिक्स डिविज़न (Mines Informatics Division) के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (National Informatics Centre- NIC) द्वारा किया गया है।
- इस पोर्टल को नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल (NGO Darpan Portal) से समेकित किया गया है।

69. घोड़े की नाल के सामान दिखने वाले केकड़े (Horseshoe crab) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसे जीवित समुद्री जीवाश्म माना जाता है।
   2. यह पूर्वी भारत के तटीय जल में पाई जाने वाली एक स्थानिक प्रजाति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** हॉर्सशू क्रैब को जीवित समुद्री जीवाश्म माना जाता है, क्योंकि वे डायनासोर के समय से अस्तित्व में हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र के लिये महत्त्वपूर्ण हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- हॉर्सशू क्रैब की चार प्रजातियाँ हैं- अमेरिकन हॉर्सशू क्रैब, ट्राई-स्पाइन हॉर्सशू क्रैब, कोस्टल हॉर्सशू क्रैब तथा मैन्ग्रोव हॉर्सशू क्रैब।
    - इनमें से अंतिम हिंद-प्रशांत प्रजातियाँ हैं जो कि भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, चीन और जापान के तटीय जल में पाई जाती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

70. एशिया प्रशांत व्यापार समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सभी सबसे कम विकसित देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता है।
   2. इसे पहले बैंकाक समझौते के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर- (b)**

- 1975 में हस्ताक्षरित एशिया प्रशांत व्यापार समझौता, एक अधिमान्य शुल्क व्यवस्था है जिसका उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सदस्य देशों द्वारा पारस्परिक रूप से सहमत रियायतों के आदान-प्रदान के माध्यम से अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना है।
    - इसके वर्तमान सदस्य बांग्लादेश, चीन, भारत, कोरिया गणराज्य, लाओ पी.डी.आर. और श्रीलंका हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पहले इसे बैंकाक समझौते के रूप में जाना जाता था। **अतः कथन 2 सही है।**

71. सासंद आदर्श ग्राम योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस योजना के तहत विकास की बुनियादी इकाई ग्राम पंचायत है।
   2. संसद सदस्य इस कार्यक्रम के लिये कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)

के माध्यम से संसाधन जुटाने की सुविधा प्रदान कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:** इस योजना के तहत लोकसभा सांसदों को वर्ष 2016 तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक आदर्श ग्राम को विकसित करना था तत्पश्चात वर्ष 2019 तक तीन और वर्ष 2024 तक पाँच आदर्श ग्रामों का निर्माण करना है। इस कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित व्यवस्थाएँ हैं-

- इस योजना के तहत विकास की बुनियादी इकाई ग्राम पंचायत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के अंतर्गत लोकसभा सांसद विकास के लिये अपने निर्वाचन क्षेत्र से एक ग्रामपंचायत का चुनाव करता है।
- राज्यसभा सांसद उस राज्य के किसी ज़िले से ग्रामीण क्षेत्र का चुनाव करता है, जिस राज्य से उसे राज्यसभा सदस्य निर्वाचित किया गया है।
- नामित/मनोनीत सांसद देश के किसी भी जिले से ग्रामीण क्षेत्र का चुनाव कर सकता है।
    - सांसद समुदाय के साथ जुड़ते हैं, ग्राम विकास योजना की सुविधा प्रदान करते हैं और आवश्यक संसाधन जुटाते हैं, विशेष रूप से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और परोपकार के माध्यम से। **अतः कथन 2 सही है**।

72. राज्यों के सिविल सेवा बोर्ड (CSB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आमतौर इसका नेतृत्त्व राज्य के मुख्य सचिव द्वारा किया जाता है।
2. यह राज्य को कैडर अधिकारियों के लिये कम-से-कम पाँच वर्ष का निश्चित कार्यकाल देने पर केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करने का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में पंजाब सरकार ने IAS अधिकारियों को राज्य में एक निश्चित कार्यकाल प्रदान करने के लिये तीन सदस्यीय सिविल सेवा बोर्ड (Civil Services Board- CSB) का गठन किया।

- राज्य का मुख्य सचिव सिविल सेवा बोर्ड का अध्यक्ष होता है। वरिष्ठ अतिरिक्त मुख्य सचिव या राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष, वित्तीय आयुक्त अथवा अन्य समकक्ष अधिकारी इसके सदस्य होते है। इसके अलावा बोर्ड के अन्य सदस्य के रूप में प्रधान सचिव अथवा कार्मिक विभाग के सचिव भी शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिविल सेवा बोर्ड राज्य कैडर के अधिकारियों के लिये कम-से-कम दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल प्रदान करने हेतु केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने का प्रावधान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस निश्चित कार्यकाल से पहले उनका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है और यदि कोई उनके स्थानांतरण की सिफारिश करता है तो बोर्ड उसकी जाँच करेगा और इससे संबंधित निर्णय लेने

का अंतिम अधिकार मुख्यमंत्री के पास होता है।

73. निम्नलिखित में से कौन-सी ऐसी वैध शर्तें हैं जिन्हें किसी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिये पूरा करना पड़ता है?

1. उसे किसी भी चार या अधिक राज्यों में एक आम चुनाव में लोकसभा या राज्य विधानसभा के लिये मतदान के लिये कुल वैध मतों में से 10% मत प्राप्त हुए हों।
2. पिछले लोकसभा चुनाव में कम-से-कम तीन राज्यों से चुने गए सांसदों के साथ सभी लोकसभा सीटों में से 2% सीटों पर विजय प्राप्त की हो।
3. कम-से-कम चार राज्यों में राज्य पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त हो।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिये किसी पार्टी द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा किया जाना आवश्यक है-

- लोकसभा या राज्यों के विधानसभा चुनावों में 4 अलग-अलग राज्यों से कुल वैध मतों के 6 प्रतिशत (ना कि 10%) मत प्राप्त करे तथा इसके अतिरिक्त 4 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- लोकसभा चुनावों में कुल लोकसभा सीटों की 2 प्रतिशत (11 सीट) सीटों पर जीत हासिल करता हो तथा ये सीटें कम-से-कम तीन अलग-अलग राज्यों से हों। **अतः कथन 2 सही है।**
- यदि कोई दल चार या इससे अधिक राज्यों में राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त करे। **अतः कथन 3 सही है।**

74. अहोम साम्राज्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्राचीन काल में इस साम्राज्य ने असम राज्य पर शासन किया।
2. अहोम साम्राज्य के शासकों ने बौद्ध धर्म अनुसरण किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:** प्राचीन काल में अहोम साम्राज्य ने असम राज्य पर शासन किया। **अतः कथन 1 सही है।**

- हाल ही में असम में छोलुंग सुकफा, जिसने अहोम साम्राज्य की स्थापना की, के संबंध में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।
- भारत-चीन समा विवाद के मध्य उन्हें कई बार चीनी आक्रमणकारी के रूप में संदर्भित किया गया।
- अहोम साम्राज्य के संस्थापकों की अपनी भाषा एवं धर्म था लेकिन उन्होंने असम में रहने वालों पर अपना प्रभाव डालने के बजाय हिंदू धर्म एवं असमिया भाषा को स्वीकार अपनाया।
- हालाँकि, अहोम राजाओं ने हिंदू धर्म अपनाने के बाद भी अपनी पारंपरिक मान्यताओं को पूरी तरह से नहीं छोड़ा। अहोम साम्राज्य के शासकों ने बौद्ध धर्म का पालन नहीं किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

75. 'गी गोल्डन लंगूर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में पश्चिमी घाटों के लिये स्थानिक है।
2. संकटापन्न प्रजातियों की IUCN सूची में इसे संकटग्रस्त (Endangered) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर :(b)**

**व्याख्या:** गोल्डन लंगूर भारत के असम राज्य एवं भूटान के अर्द्ध-सदाबहार एवं मिश्रित-पर्णपाती वनों में निवास करता है।

- **वैज्ञानिक नाम:** ट्रेचयपिथेकस जीई (Trachypithecus geei)
- **क्षेत्र:** पश्चिमी असम (भारत) एवं भूटान के ब्लैक माउंटेन की तलहटी में
- **IUCN की रेड लिस्ट में स्थिति:** लुप्तप्राय प्रजाति (Endangered Species)
- **वन्यजीव और वनस्पतियों के लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES):** परिशिष्ट I
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 : अनूसूची I

**अतः कथन 1 सही नहीं है जबकि कथन 2 सही है।**

76. एशियाई शेर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संकटापन्न प्रजातियों की IUCN सूची में इसे 'गंभीर रूप से लुप्तप्राय' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
2. गिर के वनों में रहने वाले मालधारी समुदाय के लोग एशियाई शेरों के साथ सहजीवी संबंध रखते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** संकटापन्न प्रजातियों की IUCN सूची में एशियाई शेर को 'संकटग्रस्त' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- गिर को प्रायः "मालधारी" समुदाय से जोड़कर देखा जाता है, जिन्होंने शेरोन के साथ सहजीवी संबंध रखते हुए वर्षों से अपने अस्तित्त्व को बनाए रखा है। मालधारी गिर में निवास करने वाला धार्मिक चरवाहा समूह/समुदाय है। इनकी बस्तियों को नेस (Nesses) कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बीज का आनुवंशिक संशोधन केवल मिट्टी के जीवाणु के एक विदेशी जीन का प्रवेश कराके किया जाता है।
2. शाकनाशी-सहिष्णु बीटी (HT Bt) कपास एकमात्र आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसल है जिसे भारत में उगाने की अनुमति प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** पौधों की पारंपरिक जनन विधि में नर तथा मादा दोनों मूलकों के वांछित लक्षणों से युक्त संतति की प्राप्ति हेतु एक ही जीन के पौधों का संकरण/क्रासिंग शामिल।

- आनुवंशिक संशोधन का उद्देश्य वांछित प्रभाव प्राप्त करने के लिये बीजों में किसी

विदेशी जीन का प्रवेश करके जीनस बाधा को पार करना है।विदेशी जीन किसी पौधे, जानवर या मिट्टी के जीवाणु का भी हो सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- बीटी कपास एकमात्र आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसल है जिसे भारत में उगाने की अनुमति प्राप्त है। इसेमिट्टी में मौज़ूद बेसिलस थुरिंगिनेसिस (बीटी) जीवाणु के साथ दो विदेशी जीन (Alien Genes) के संकरण से प्राप्त किया जाता है।
    - जबकि शाकनाशी-सहिष्णु बीटी (HT Bt) कपास एक अतिरिक्त जीन एवं अन्य मिट्टी के जीवाणु को साथ संकरण कराने से प्राप्त किया जाता है, यह पौधे को सामान्य हर्बिसाइड ग्लाइफोसेट (Herbicide Glyphosate) जो कि एक कीटनाशक है, का प्रतिरोधक बनाता है। भारत में इस जीन को अनुमति नहीं प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

78. हाल ही में समाचारों में रही 'अथिरापल्ली जल विद्युत' परियोजना निम्नलिखित में से किस नदी पर प्रस्तावित है?

a. चालक्कुडी
b. पेरियार
c. कावेरी
d. वैगई

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** केरल सरकार ने त्रिशूर ज़िले में चालक्कुडी नदी (Chalakudy River) पर प्रस्तावित विवादास्पद 'अथिरापल्ली जल विद्युत' (Athirappally Hydel Power) परियोजना पर फिर से आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। अतः विकल्प (a) सही है।

- 163 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली इस परियोजना को केरल के त्रिशूर ज़िले में पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील चलक्कुडी नदी पर स्थापित करने की योजना सर्वप्रथम वर्ष 1979 में बनाई गई थी।
- इस परियोजना के तहत 23 मीटर ऊँचाई और 311 मीटर लंबाई का एक गुरुत्वाकर्षण बांध (Gravity Dam) प्रस्तावित किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि चलक्कुडी नदी पर पहले से ही जल विद्युत से संबंधित छह बाँध और सिंचाई से संबंधित एक बाँध निर्मित किया गया है।

**चालक्कुडी नदी**

- चालक्कुडी नदी केरल की चौथी सबसे लंबी नदी है।
- इस नदी का कुल बेसिन क्षेत्र तकरीबन 1704 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 1404 किलोमीटर का हिस्सा केरल में पड़ता है और शेष 300 किलोमीटर का हिस्सा तमिलनाडु में पड़ता है।
- यह नदी केरल के पलक्कड़, त्रिशूर और एर्नाकुलम ज़िलों से होकर निकलती है।

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारतीय गुणता/गुणवत्ता परिषद एक संवैधानिक निकाय है।
    2. यह राष्ट्रीय प्रत्यायन संरचना की स्थापना और संचालन के लिये अधिदेशित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:** वर्ष 1997 में स्थापित भारतीय गुणता/गुणवत्ता परिषद (QCI) एक स्वायत्त निकाय है जो वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के

औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग संबद्ध है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- उद्योगों द्वारा सरकार को की गई सिफारिश के आधार पर QCI के अध्यक्ष की नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।
- यह अनुरूपता मूल्यांकन निकायों के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन संरचना (NAS) की स्थापना और संचालन तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं गुणवत्ता संवर्द्धन के क्षेत्र में मान्यता प्रदान करने हेतु अधिदेशित है। **अतः कथन 2 सही है।**

80. सीमा समायोजन कर (BAT) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी देश में प्रवेश वाले बंदरगाह पर लगाए गए सीमा शुल्क के अलावा आयातित वस्तुओं पर आरोपित किया जाना है।
2. यह वस्तुओं और सेवाओं पर कर अनुपात के स्रोत सिद्धांत के अनुसार शुल्क आरोपित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** 'सीमा समायोजन कर' एक ऐसा कर है जो बाहर से आयातित सामान पर बंदरगाह पर लेवी शुल्क के अलावा लगाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह एक राजकोषीय उपाय है जिसे **'कर के गंतव्य सिद्धांत'** (Destination Principle of Taxation) के अनुसार वस्तुओं या सेवाओं पर लगाया जाता है।
    - इस सिद्धांत के अनुसार, सरकारी कर उत्पादों को, अंतिम उपभोक्ता के लिये उनके उत्पादन या उत्पत्ति के स्थान के बजाय उनकी बिक्री के स्थान के आधार पर तैयार किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

81. 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना (SIP) पर योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केंद्रीय श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।
2. यह राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा युवा पेशेवरों के लिये शुरू की गई एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** 'राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम' (National Cooperative Development Corporation- NCDC) की पहल 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना' (Sahakar Mitra: Scheme on Internship Programme) को 'कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय' द्वारा लॉन्च किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- 'सहकार मित्र: इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना' शैक्षणिक संस्थानों के पेशेवरों को 'किसान उत्पादक संगठनों' (Farmers Producers Organizations- FPO) के रूप में सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व और उद्यमशीलता की भूमिकाओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।
- 'राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम' द्वारा शुरू की गई यह योजना युवा पेशेवरों के नवीन विचारों तक सहकारी संस्थाओं की पहुँच बनाने में मददगार साबित हो

सकती है। इसके साथ ही युवाओं को 'फिल्ड वर्क' (क्षेत्र में कार्य करना) का अनुभव प्राप्त होगा जो उन्हें आत्मनिर्भर होने का विश्वास दिलाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

- NCDC ने सहकार मित्र सवेतन इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु अलग से धनराशि आवंटित की है जिसके तहत प्रत्येक इंटर्न को 4 माह की इंटर्नशिप अवधि के दौरान वित्तीय सहायता दी जाएगी।

82. जी.एस.टी. परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह एक संघीय निकाय है जहाँ प्रत्येक निर्णय उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के भारित मतों के दो-तिहाई से कम बहुमत के आधार पर नहीं लिया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** जी.एस.टी. परिषद अनुच्छेद 279 के तहत एक संवैधानिक निकाय है। यह वस्तु एवं सेवा कर (Goods and Services Tax- GST) से संबंधित मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकार को सिफारिश करने के लिये एक संवैधानिक निकाय है तथा इसकी स्थापना 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 द्वारा की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- GST परिषद का प्रत्येक निर्णय उपस्थित और मतदान के 75% भारित बहुमत (**तीन चौथाई बहुमत**) होने के बाद ही लिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारित बहुमत का सिद्धांत- केंद्र सरकार का मान एक तिहाई वोट माना जाता है। सभी राज्य सरकारों का एक साथ मिलकर कुल मान दो-तिहाई वोट माना जाता है।

83. भारतीय संविधान की नौवीं अनुसूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1951 में प्रथम संवैधानिक संशोधन के माध्यम से इस अनुसूची को जोड़ा गया था।
2. अनुसूची के तहत संरक्षित कानून केवल भूमि सुधार से संबंधित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : a**

**व्याख्या:** 9वीं अनुसूची में केंद्र और राज्य कानूनों की एक ऐसी सूची है, जिन्हें न्यायालय के समक्ष चुनौती नहीं दी जा सकती। वर्तमान में संविधान की 9वीं अनुसूची में कुल 284 कानून शामिल हैं, जिन्हें न्यायिक समीक्षा संरक्षण प्राप्त है अर्थात इन्हें अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

- 9वीं अनुसूची को वर्ष 1951 में प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से भारतीय संविधान में शामिल किया गया था। यह पहली बार था, जब संविधान में संशोधन किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- पहले संविधान संशोधन के माध्यम से नौवीं अनुसूची में कुल 13 कानून शामिल किये गए थे, जिसके पश्चात् विभिन्न

संविधान संशोधन किये गए और अब कानूनों की संख्या 284 हो गई है।

- यद्यपि इस अनुसूची के तहत संरक्षित अधिकाँश कानून कृषि/भूमि के मुद्दों से संबंधित हैं लेकिन आरक्षण जैसे अन्य विषय भी सूची में शामिल हैं। वर्ष 1994 का तमिलनाडु अधिनियम, जो राज्य में 69 प्रतिशत आरक्षणका प्रावधान करता है, जिसे 76वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1994 के माध्यम से जोड़ा गया, नौवीं अनुसूची का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

84. विश्व खाद्य पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह उन संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने विश्व में भोजन की गुणवत्ता, मात्रा या उपलब्धता में सुधार कर मानव विकास को और आगे बढ़ाया है।
   2. यह पोषण तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में योगदान को भी मान्यता प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** हाल ही में भारतीय मूल के अमेरिकी मृदा वैज्ञानिक डॉ. रतन लाल को कृषि क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार माने जाने वाले प्रतिष्ठित 'विश्व खाद्य पुरस्कार' 2020 का विजेता चुना गया है।

- डॉ. रतन लाल को यह सम्मान मृदा केंद्रित दृष्टिकोण रखते हुए खाद्य उत्पादन बढ़ाने के उपाय विकसित करने हेतु दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. रतन लाल द्वारा विकसित उपायों के माध्यम से न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण संभव हो पाया है, बल्कि इनसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी कम किया जा सका है।
- डॉ. रतन लाल ने कृषि भूमि को ऊर्वर बनाए रखने की नई तकनीक को बढ़ावा देने के लिये लगभग चार महाद्वीपों में पचास वर्ष से भी अधिक समय तक कार्य किया है।
- विश्व खाद्य पुरस्कार (World Food Prize) एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है जो कि विश्व में भोजन की गुणवत्ता, मात्रा या उपलब्धता में सुधार करके मानव विकास को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों (न कि संगठनों) को प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस पुरस्कार के तहत विजेता को 2, 50,000 अमेरिकी डॉलर की राशि प्रदान की जाती है।
- यह एक वार्षिक पुरस्कार है जो वनस्पति, पशु, मृदा विज्ञान; खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी; **पोषण और ग्रामीण विकास** जैसे विश्व खाद्य आपूर्ति क्षेत्र में योगदान को मान्यता प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

85. निम्नलिखित में से कौन सी योजना 'लघु कृषक कृषि-व्यापार संघ (SFAC)' द्वारा लागू नहीं की गई है?

a. इक्विटी अनुदान और क्रेडिट गारंटी फंड (EGCGF) योजना
b. वेंचर कैपिटल असिस्टेंस (VCA) योजना
c. राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (NAM) योजना
d. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

**उत्तर : d**

**व्याख्या:** लघु कृषक कृषि-व्यापार संघ (SFAC) की स्थापना वर्ष 1994 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी तथा इसका संवर्द्धन कृषि

और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किया गया था।

- इसका उद्देश्य देश में सभी किसानों का सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिये संस्थागत एवं निजी क्षेत्र के निवेश और लिंकेज को प्रोत्साहित करते हुए कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देना है।
- SFAC द्वारा कार्यान्वित कुछ महत्त्वपूर्ण योजनाओं में शामिल हैं- इक्विटी अनुदान और क्रेडिट गारंटी फंड (EGCGF) योजना, वेंचर कैपिटल असिस्टेंस (VCA) योजना, किसान उत्पादक संगठन (FPO) योजना, राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (NAM) योजना आदि।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग (DAC & FW), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (MoA & FW) तथा संबंधित राज्य के समग्र मार्गदर्शन एवं नियंत्रण के तहत चयनित बीमा कंपनियों द्वारा एक बहु-एजेंसी रूपरेखा के माध्यम से लागू की जाती है।

**अतः विकल्प (d) सही है।**

86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अधिकृत ऐसा कोई भी भुगतान प्रणाली ऑपरेटर नहीं हैं जो भारत के बाहर भुगतान सेवाएँ प्रदान करता हो।
2. रुपे कार्ड का इस्तेमाल विभिन्न देशों जैसे कि सिंगापुर, भूटान और सऊदी अरब में लेन-देन के लिये किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (c)**

**व्याख्या:** वर्तमान में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अधिकृत ऐसा कोई भी भुगतान प्रणाली ऑपरेटर नहीं हैं जो भारत के बाहर भुगतान सेवाएँ प्रदान करता हो। **अतः कथन 1 सही है।**

- हालाँकि चेक ट्रंकेशन सिस्टम (CTS), नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस (NACH) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (NEFT) के संबंध में भूटान के साथ क्रॉस कंट्री सहयोग स्थापित किया गया है।
- भारत से नेपाल के लिये एक तरफा प्रेषण हेतु NEFT भी उपलब्ध है।
- RuPay योजना भारत की पहली तरह की घरेलू डेबिट और क्रेडिट कार्ड भुगतान नेटवर्क है।
- यह डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान के लिये भारत की स्वयं की पहल है।
- इस कार्ड का इस्तेमाल सिंगापुर, भूटान, यूएई, बहरीन और सऊदी अरब जैसे विभिन्न देशों में लेन-देन के लिये भी किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

87. मालाबार ग्लाइडिंग फ्रॉग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्तनधारी प्रजाति है जो भारत के पश्चिमी घाटों के लिये स्थानिक है।
2. इसकी दुर्लभता के कारण IUCN की रेड लिस्ट में इसे के गंभीर रूप से संकटग्रस्त की श्रेणी में रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (d)**

**व्याख्या:** मालाबार ग्लाइडिंग फ्रॉग एक उभयचर है जो पश्चिमी घाट के वर्षावन के लिये स्थानिक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- IUCN की रेड लिस्ट में इसे कम चिंतनीय (Least Concern) की श्रेणी में रखा गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

88. निम्नलिखित कथनों पर विचारकीजिये:
    1. हिंद महासागर आयोग का सृजन समग्र हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के हितों की रक्षा के लिये किया गया था।
    2. भारत हिंद महासागर आयोग के संस्थापक सदस्यों में शामिल था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : d**

**व्याख्या:** हिंद महासागर आयोग वर्ष 1984 में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है जो दक्षिण-पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में बेहतर सागरीय-अभिशासन (Maritime Governance) की दिशा में कार्य करता है तथा यह आयोग पश्चिमी हिंद महासागर के द्वीपीय राष्ट्रों को सामूहिक रूप से कार्य करने हेतु मंच प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- वर्तमान में इस आयोग में कोमोरोस, मेडागास्कर, मॉरीशस, रियूनियन (फ्राँस के नियंत्रण में) और सेशल्स शामिल हैं।
- वर्ष 2020 में भारत को 'पर्यवेक्षक' के रूप में इस आयोग में शामिल किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत के अलावा इस आयोग के चार पर्यवेक्षक- चीन, यूरोपीय यूनियन, माल्टा तथा इंटरनेशनल ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ ला फ्रांसोफोनी (International Organisation of La Francophonie-OIF) हैं।

89 निम्नलिखित में से किस देश ने हाल ही में 'जेट जीरो' योजना की घोषणा की है?

a. यूनाइटेड किंगडम
b. ऑस्ट्रेलिया
c. भारत
d. संयुक्त राज्य अमेरीका

**उत्तर: a**

**व्याख्या:** 'यूनाइटेड किंगडम' (United Kingdom) ने उड्डयन क्षेत्र में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से 'जेट ज़ीरो' (Jet Zero) योजना पर कार्य करने की घोषणा की है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

- इस पहल का मुख्य उद्देश्य अटलांटिक पारगमनीय उड़ानों को कार्बन-मुक्त बनाना है।
- विमानन क्षेत्र का कुल वैश्विक ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में लगभग 2% योगदान है, तथा वर्ष 2005 के बाद से इस क्षेत्र में GHGs के उत्सर्जन में 70% तक वृद्धि देखी गई है।
- 'अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन' (International Civil Aviation Organization) के अनुसार इस विमानन क्षेत्र में उत्सर्जन गतिविधियों को कम करने की दिशा में आवश्यक उपायों को नहीं अपनाया गया तो वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर से 300% अधिक हो जाएगा।

90. अमीबियासिस रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह प्रोटोजोआ परजीवी के कारण होता है।
    2. यह रोग केवल हवा के माध्यम से फैलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के शोधकर्त्ताओं की एक टीम द्वारा एंटामोइबा हिस्टोलिटिका प्रोटोज़ोआ के कारण होने वाली अमीबायसिस बीमारी (Amoebiasis Disease) से बचाव के लिये एक नई दवा के अणु को विकसित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह एक प्रकार की संक्रामक बीमारी है, जो एक सूक्ष्म परजीवी एंटअमीबा हिस्टोलीटिका द्वारा फैलती है।
    - यह मल-मौखिक मार्ग के माध्यम या तो सीधे व्यक्ति-से-व्यक्ति संपर्क द्वारा या परोक्ष रूप से खाने या पीने के दूषित भोजन से से होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) भूमि के धारणीय उपयोग को बढ़ावा देने के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।
2. भूमि उपयोग परिवर्तन ज़ूनोटिक रोग के लिये आधार तैयार करता है और वैश्विक जलवायु परिवर्तन में भी योगदान देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (c)**

**व्याख्या:** वर्ष 1944 में स्थापित UNCCD एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो पर्यावरण एवं विकास के मुद्दों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है। इस प्रकार यह भूमि के धारणीय उपयोग को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- भूमि उपयोग परिवर्तन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें प्राकृतिक परिदृश्य को प्रत्यक्ष रूप से बस्तियों, वाणिज्यिक एवं आर्थिक उपयोग तथा वानिकी गतिविधियों जैसे मानव-प्रेरित भूमि उपयोग के लिये परिवर्तित कर दिया जाता है। यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, भूमि क्षरण और जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में समग्र वातावरण को प्रभावित करता है।
- भूमि उपयोग परिवर्तन, यह COVID-19 जैसे पशुजन्य रोगों (Zoonoses) का कारण भी बनता है। **अतः कथन 2 सही है।**

92. जल जीवन मिशन (JJM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिशन का उद्देश्य नगरों के प्रत्येक घर में निर्बाध जलापूर्ति करना है।
2. पूरे देश में यह मिशन शत प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**Ans.(d)**

**व्याख्या:** जल जीवन मिशन (JJM) वर्ष 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण (न कि शहरी/नगरीय) को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- यह मिशन जल के लिये एक सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है और मिशन के

प्रमुख घटक के रूप में इसमें व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल हैं।
- केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय साझेदारी- हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों के लिये 90:10, अन्य राज्यों के लिये 50:50 तथा केंद्र शासित प्रदेशों के लिये 100% है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

93. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
  1. अस्थायी सदस्य पंद्रह वर्ष के कार्यकाल के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा चुने जाते हैं।
  2. वीटो शक्ति UNSC के केवल पाँच स्थायी सदस्यों के पास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : b**

**व्याख्या:** सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली निकाय है जिसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा कायम रखना है।

**स्थायी तथा अस्थायी सदस्य**
- सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन हैं।
  - मूल रूप से सुरक्षा परिषद में 11 सदस्य थे जिसे वर्ष 1965 में बढ़ाकर 15 कर दिया गया।
- महासभा द्वारा दस अस्थायी सदस्यों को दो वर्ष के लिये चुना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। अस्थायी सदस्यों के पास इस प्रकार की कोई शक्ति नहीं होती। **अतः कथन 2 सही है।**

94. निम्नलिखित में से किस राज्य ने वर्चुअल क्लास के लिये हाल ही में 'फर्स्ट बेल' नामक एक पहल शुरू की है?

a. आंध्र प्रदेश
b. केरल
c. दिल्ली
d. तेलंगाना

**उत्तर : b**

**व्याख्या:** केरल राज्य सरकार द्वारा स्कूली छात्रों के लिये 'फर्स्ट बेल' नामक ऑनलाइन कार्यक्रम द्वारा नियमित कक्षाएँ प्रारंभ की गई है। **अतः विकल्प (b) सही है।**
- COVID-19 महामारी के चलते शुरू की गई इस ऑनलाइन पहल के अंतर्गत केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (Kerala Infrastructure for Technical Education- KITE) द्वारा नए शैक्षणिक सत्र हेतु कक्षाओं का राज्य सरकार के शैक्षणिक टीवी चैनल विक्टर्स पर प्रसारण किया जा रहा है।
  - KITE राज्य सरकार के अधीन शैक्षणिक संस्थानों के आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित और संवर्द्धित करने हेतु स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन (एक सेक्शन-8 कंपनी) है।

95. डेक्सामेथासोन दवा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
  1. डेक्सामेथासोन एक एंटी-वायरल दवा है।
  2. यह कोविड-19 के मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट का उपचार करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** इंग्लैंड के शोधकर्त्ताओं के अनुसार, COVID-19 मरीज़ों पर 'डेक्सामेथासोन' (Dexamethasone) दवा के उपयोग से गंभीर रूप से बीमार मरीज़ों की मृत्यु दर में एक तिहाई तक की कमी हुई है।

- डेक्सामेथासोन (Dexamethasone) एक प्रकार का स्टेरॉयड (न कि एंटी-वायरल ) है जिसका उपयोग गठिया, अस्थमा सहित अन्य स्थितियों में सूजन को कम करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह दवा बहुत ही सस्ती है तथा इसकी निर्माण प्रक्रिया बहुत आसान होने से इसका व्यापक पैमाने पर उत्पादन किया जा सकता है।
- यह कोविड-19 के मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट का उपचार करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - 'मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट' एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें रक्त वाहिकाओं में सूजन और निम्न रक्तचाप की समस्या पाई जाती है। यह बीमारी पूरे शरीर को प्रभावित करने के साथ ही फेफड़ों और अन्य अंगों में तरल पदार्थ का निर्माण करती है।

96. शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) की 'ग्लोबल ट्रेंड्स' रिपोर्ट के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शरणार्थियों की संख्या की गिनती करने और उनका पता लगाने के लिये यह रिपोर्ट द्विवार्षिक रूप से प्रकाशित की जाती है।
2. अफगानिस्तान वर्ष 2014 से ही शरणार्थियों के स्रोत के रूप में शीर्ष देश रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (d)**

व्याख्या:

- शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) 'ग्लोबल ट्रेंड्स' नामक रिपोर्ट जारी करता है। शरणार्थियों की संख्या की गिनती करने और उनका पता लगाने के लिये यह रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष प्रकाशित की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रिपोर्ट के अनुसार, पाँच देशों से दो-तिहाई (कुल शरणार्थियों का) लोग विस्थापित हुए हैं, ये देश हैं : सीरिया, वेनेजुएला, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान और म्याँमार।
- सीरिया वर्ष 2014 से ही शरणार्थियों के स्रोत के रूप में शीर्ष देश रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

97. 'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना वापस अपने राज्य में लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों को आजीविका के अवसर प्रदान करेगी।
2. योजना केवल चयनित राज्यों के आकांक्षी ज़िलों में लागू की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : a**

**व्याख्या:** COVID -19 महामारी के चलते प्रवासी मज़दूरों के समक्ष उत्पन्न रोज़गार की समस्या को ध्यान में रखते हुए 20 जून, 2020 को 'गरीब कल्याण रोज़गार अभियान' (Garib Kalyan Rojgar Abhiyan- GKRA) की शुरुआत की गई।

- इस अभियान की शुरुआत अपने-अपने गाँव लौट चुके प्रवासी श्रमिकों के साथ-साथ अन्य प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के लिये भी रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिये की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अभियान के लिये छः राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड तथा ओडिशा 116 ज़िलों को चुना गया है। जिसमें 27 आकांक्षी ज़िले (aspirational districts) भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अभियान में 12 विभिन्न मंत्रालयों को समन्वित किया गया है, जिसमें पंचायती राज, ग्रामीण विकास, सड़क परिवहन और राजमार्ग, खान, पेयजल और स्वच्छता, पर्यावरण, रेलवे, नवीकरणीय ऊर्जा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, सीमा सड़कें, दूरसंचार तथा कृषि मंत्रालय शामिल हैं।

98. वैगई नदी पर स्थित कीलादी नामक स्थल जिसकी हाल ही में खुदाई की गई, का संबंध किस काल से है?

a. महापाषाण काल
b. संगम काल
c. चोल काल
d. ताम्र पाषाण काल

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने तमिलनाडु के पुरातत्त्व विभाग द्वारा रखे गए कीलादी सहित चार स्थानों पर उत्खनन जारी रखने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

- सितंबर 2019 में किये गए कीलादी में सीमित उत्खनन से मिले महत्वपूर्ण अवशेषों से संभावना व्यक्त की गई कि संगम काल का इतिहास छठी शताब्दी ई.पू से संबंधित है। अतः विकल्प (b) सही है।
- 'कीलादी' मदुरै से लगभग 13 किमी. दक्षिण पूर्व में वैगई नदी के किनारे स्थित है। तमिलनाडु पुरातत्त्व विभाग द्वारा यहाँ वर्ष 2014 से 2017 के दौरान तीन चरणों में उत्खनन कार्य किया गया।
- तमिलनाडु पुरातत्व विभाग के अनुसार, वैगई नदी बेसिन के उत्खनन से तत्कालीन कीलादी की औद्योगिक गतिविधियों एवं नगरीय व्यवस्था के बारे में और अधिक जानकारी मिल सकेगी।

99. मिसियस उपग्रह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक क्वांटम संचार उपग्रह है, जिसे अमेरिका द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. संचार स्थापित करने के लिये यह फोटॉन का उपयोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:** चीनी वैज्ञानिकों के एक अध्ययन दल ने 'मिसियस' (Micius) क्वांटम उपग्रह का प्रयोग कर विश्व में पहली बार 'क्वांटम इंटेंगलमेंट' पर आधारित लंबी दूरी के बीच 'क्वांटम क्रिप्टोग्राफी' को सफलतापूर्वक स्थापित किया है, जो क्वांटम दूरसंचार के व्यावहारिक इस्तेमाल में एक महत्त्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है।

- मिसियस (Micius) विश्व का प्रथम क्वांटम संचार उपग्रह है, जिसे वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें संचार के लिये फोटॉन जो कि 'क्वांटम कण है, का प्रयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विभिन्न QKD प्रोटोकॉल को यह सुनिश्चित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है कि संचार में काम आने वाले फोटॉनों में किसी प्रकार की हेराफेरी संपूर्ण संचार प्रणाली को रोक दे।

100. राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इनोवेट इन इंडिया (I3) को राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के तहत लॉन्च किया गया है।
2. इसका कार्यान्वयन रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

**व्याख्या:** सरकार ने राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के तहत बायोफार्मास्यूटिकल क्षेत्र में उद्यमिता और स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने हेतु एक सक्षम तंत्र बनाने के लिये 'इनोवेट इन इंडिया- I3' नामक कार्यक्रम की शुरुआत की है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसका कार्यान्वयन 'जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद' (BIRAC) द्वारा किया जा रहा है। BIRAC विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा स्थापित सार्वजनिक क्षेत्र का एक उद्यम है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2017 में शुरू किया गया राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन बायोफार्मास्यूटिकल क्षेत्र के तीव्र विकास हेतु एक उद्योग-अकादमिक सहयोग मिशन है।